डाक पंजीयन सं. जयपुर सिटी/101/2020-22
वर्ष : 09 >अंक : 27 >मूल्य: 10 रुपए >पृष्ठ : 08
साप्ताहिक समाचार | मीडिया दृष्टिकोण

# हिलव्यू समाचार

पद की गरिमा बनाए रखना हर किसी के बस की बात नहीं।
-शालिनी श्रीवास्तव

जयपुर, शनिवार, 07 जनवरी 2023

R.N.I. No. RAJHIN/2014/56746
website: www.hsnews.in

# कुछ सालों में बिगड़ जायेगा फ्रंटियर कॉलोनी, राजापार्क का भी नक़्शा


## यातायात होगा बाधित,सकड़ी हो जाएगी सड़कें और दबाव बढ़ जाएगा रहवासियों का

शालिनी श्रीवास्तव

जयपुर। राजापार्क की फ्रंटियर कॉलोनी भगतसिंह पार्क के पीछे स्थित है जो अभी 60 से 40 फिट चौड़ी सड़कों पर बसी है। यह शान्त इलाक़ा अब धीरे-धीरे अशांत माहौल की ओर बढ़ रहा है। लगातार बनती अवैध बिल्डिंग्स, सड़क की चौड़ाई लीलते अतिक्रमण इसकी ख़ूबसूरत बनावट को ख़त्म कर रहे हैं। राजापार्क के पास स्थित यह कॉलोनी अभी अपनी बसावट से खुली खुली नज़र आती है लेकिन लगातार बनती बहुमंज़िला बिल्डिंग्स इसे आने वाले एक या दो साल में सकड़ी सड़कों में बदल देगी।

**नगर निगम, स्थानीय पार्षद, स्थानीय विधायक,स्थानीय थाना इससे अनभिज्ञ नहीं -**

- आख़िर क्यों बढ़ रहा है यहाँ अवैध निर्माणों का सिलसिला?
- अवैध निर्माणों की बाढ़ आने का बड़ा कारण क्या है?
- बिल्डिंग बायलॉज के नियमों का अस्तित्व क्या है?
- क्या सील करके 180 दिन के लिए काम बंद करवा देना और फिर डीएलबी से सीजर खुलने के आदेश मिल जाना और फिर से नियमों का उल्लंघन करके निर्माणकर्ता द्वारा अवैध निर्माण हो जाना एक अजीब प्रक्रिया नहीं है?


प्लॉट नं. 186


प्लॉट नं. 206


प्लॉट न. 236


प्लॉट नं.698


प्लॉट नं. 706


प्लॉट नं.204


प्लॉट न. 208

- आख़िर राजस्थान सरकार इन अवैध निर्माणों का कोई स्थायी इलाज़ क्यों नहीं ढूँढ रही?
- क्या वजह है कि 70-80% प्रतिशत अवैध निर्माण हो जाता है उसके बाद कार्यवाही होती है या फिर होती ही नहीं कई बार?
- इन मल्टीस्टोरी में रहने वालों का क्या कभी सर्वे हुआ है?
- क्या किरायनामों या फायर व सुरक्षा की जाँच निगम या स्थानीय थानों ने कभी करने की कोशिश की है?
- क्या कभी यातायात को नियंत्रण करने के लिए कोई नियम इन मल्टीस्टोरी से घिरी कॉलोनियों के लिये बने हैं?
- निजी मकानों में चलने वाली दुकानों या व्यवसायिक गतिविधियों की कभी जाँच हुई है?
- क्या स्ट्रीट फ़ूड से कभी फ़ूड लाइसेंस माँगा गया है?

**बनती हुई बहुमंज़िला बिल्डिंग्स जो इन सब समस्याओं को जन्म देती है क्या कभी वास्तव में इस ओर व्यवस्थाओं को लेकर शासन या प्रशासन कोई चर्चा या चिंतन करता है? शहर में बढ़ता यह दबाव शहर की शांति भंग करे उससे पहले सरकार के साथ-साथ जागरूक नागरिकों को जागने की आवश्यकता है।**

## ख़बर-बेख़बर

### अर्थ की चाह में अनर्थ...

# सरकार को धोखा देने पर डीएलबी डायरेक्टर को सरकार ने बदले में दिया पदोन्नति का तोहफ़ा?


**हृदेश कुमार शर्मा**
डीएलबी डायरेक्टर


**राजेश तुलारा**
तात्कालिक मुख्य नगर नियोजक, डीएलबी

शालिनी श्रीवास्तव

- डीएलबी निदेशक हृदेश कुमार शर्मा को वित्त विभाग (व्यय-3 अनुभाग) की फ़र्ज़ी आईडी क्रिएट करने
- उस आईडी से प्रतिनियुक्ति के माध्यम से फ़र्ज़ी नगर नियोजक गैंग खड़ी करने
- सरकार की आँखों में धूल झौंकने के बावजूद अर्थात इन भ्रष्ट मंसूबों के बावजूद राज्य सरकार द्वारा डीएलबी निदेशक को पदोन्नति दे दी गयी? आख़िर क्यों?
- इतना बड़ा घोटाला करने व उसका खुलासा भी हो जाने के बावजूद राज्य सरकार द्वारा हृदेश कुमार शर्मा को संयुक्त शासन सचिव से विशिष्ट शासन सचिव स्थानीय निकाय विभाग की राजगद्दी सौंप दी गयी? क्यों?

## विस्तार से जानें मामला

जहाँ एक ओर राजस्थान सरकार आम जनता के हितों की रक्षा के लिए सदैव तत्पर रहती है वहीं दूसरी ओर भ्रष्टाचार फैलाते भ्रष्ट अधिकारियों पर कोई कड़ी कार्यवाही सरकार द्वारा नहीं किया जाना कई प्रश्न खड़े करता है।

इसी कड़ी में एसीबी कार्यवाहक महानिदेशक बनते ही हेमन्त प्रियदर्शी का यह नया फ़रमान कि "घूस लेते पकड़े जाने पर घूसखोर की पहचान न बताएँ उनके मानवाधिकारों की रक्षा करें" सरकार की कार्यनीतियों को कटघरे में खड़ा करता है और इस तरह का हर फरमान या कृत्य आम जनता के हितों पर कुठाराघात करता है हालांकि विरोध की बुलंद आवाज़ के बाद यह आदेश वापस ले लिया गया है।


हाल ही में कुछ महीनों जून 2022 में हृदेश कुमार शर्मा स्वायत्त शासन विभाग के वर्तमान निदेशक तात्कालिक अतिरिक्त निदेशक राकेश कुमार ,तात्कालिक मुख्य नगर नियोजक राजेश तुलारा द्वारा राज्य सरकार को धोखा देते हुए अपने चहेते नगर नियोजकों को पदोन्न्ति देने, पदस्थापन करने तथा इस फ़र्ज़ी गैंग के माध्यम से करोड़ों की अवैध आय अर्जित करने की मंशा से राज्य सरकार के वित्त विभाग (व्यय-3) की एक फ़र्ज़ी आई डी संख्या 102202919 दिनांक 15/6/22 को क्रिएट करके एक कार्यालय आदेश संख्या एफ.3(क) (नगर नियोजक प्रकोष्ठ) का.प्र./ स्थानिय/22/37005 दिनांक 17/6/22 के जरिये निकाला गया-

| | |
|---|---|
| मुख्य नगर नियोजक - | 01 पद |
| वरिष्ठ नगर नियोजक - | 01 पद |
| उप नगर नियोजक - | 02 पद |
| सहायक नगर नियोजक - | 02 पद |
| वरिष्ठ प्रारूपकार - | 02 पद |


उपरोक्त पदों को सृजित करते हुए दूसरे विभाग के अधिकारियों को अनुचित सहायता पहुँचाने की मंशा से नगर नियोजन विभाग से प्रतिनियुक्ति से भरे जाने का आदेश जारी किया गया। उपरोक्त भ्रष्ट मिशन पर शंका उत्पन्न होने पर अखिल राजस्थान नगर पालिका तकनीकी एवम प्रशासनिक सेवा एसोसियेशन के अध्यक्ष राजपाल चौधरी ने वित्त विभाग में एसोसिएशन के अन्य पदाधिकारियों के साथ ज्ञापन देकर सम्पर्क किया तो जानकारी प्राप्त हुई कि वित्त विभाग (व्यय-03 अनुभाग) द्वारा इस प्रकार की कोई भी आई डी जारी ही नहीं की गई है और उसके स्तर से स्वायत्त शासन विभाग में नगर नियोजक प्रकोष्ठ गठित किये जाने व उसके लिए पदों के सृजन की भी कोई सहमति प्रदान नहीं की गई है।

अर्द्धशासकीय पत्र दिनांक 23.6.22 जारी करने,पद सृजन व उसकी प्रतिनियुक्ति आदेश दिनांक 17.6.22 को निरस्त करने हेतु लिखा गया। वित्त विभाग (व्यय-3) के निर्देश पर डी एल बी निदेशक हृदेश कुमार शर्मा को अपने ही हस्ताक्षर द्वारा आदेशित 17.6.22 के आदेश को निरस्त करना पड़ा और इस प्रकार यह फ़र्ज़ी गैंग बनने से पहले ही ब्लास्ट कर दी गयी एक जागरूक शिकायतकर्ता के प्रयासों से-


- इस प्रकार इतने बड़े आईएएस अधिकारी का भ्रष्टाचार खुलकर सामने आया लेकिन जो कार्यवाही वित्त विभाग (व्यय-3 ) या राज्य सरकार को करनी चाहिए थी वह क्यों नहीं की गई आज तक?
- आख़िर वित्त विभाग (व्यय-3) ने फ़र्ज़ी विज्ञप्ति जारी करने के ज़ुर्म में अपराधिक प्रकरण दर्ज क्यों नहीं करवाया।
- कोई भी कार्यवाही राज्य सरकार द्वारा या विभाग द्वारा क्यों नहीं की गई ???
- आख़िरकार किन भ्रष्टाचारी मंसूबों के चलते यह गैंग खड़ी की जा रही थी?
- इतना बड़ा घोटाला किस घुट्टी में घोलकर पी लिया गया यह एक जटिल और यक्ष प्रश्न है सरकार व वित्त विभाग दोनों के लिए? वित्त विभाग की फ़र्ज़ी आईडी बनाकर नगर नियोजकों के 08 पदों की आवश्यकता निकालने वाले इन भ्रष्ट अफसरों के विरुद्ध कार्यवाही की जा रही है तो कार्यवाही किस प्रगति पर है? ऐसे कई प्रश्नों के साथ हिलव्यू समाचार विभागों से जल्द संपर्क।


राजस्थान सरकार
स्वायत्त शासन विभाग, राज0 जयपुर
-आदेश-
(हृदेश कुमार शर्मा)
निदेशक एवं संयुक्त सचिव
(राकेश कुमार)
अतिरिक्त निदेशक

17 जून 2022 को डीएलबी निदेशक हृदेश कुमार शर्मा द्वारा जारी किया गया फ़र्ज़ी आदेश की प्रतिछाया


राजस्थान सरकार
वित्त विभाग
(व्यय-3 अनुभाग)
By Mail
संयुक्त शासन सचिव,
वित्त (व्यय-3) विभाग
शासन सचिव,
स्वायत्त शासन विभाग

वित्त विभाग (व्यय-3 अनुभाग) द्वारा जारी किए फ़र्ज़ी आदेशों को निरस्त करने के आदेश की प्रतिछाया


राजस्थान सरकार
स्वायत्त शासन विभाग, राज0 जयपुर
-आदेश-
निदेशक एवं संयुक्त सचिव

घोटाला पकड़े जाने पर वित्त विभाग(व्यय-3) के आदेश पर पुनः डीएलबी निदेशक द्वारा ख़ुद ही किये गए आदेशों को पुनः निरस्त किये जाने वाले आदेश की प्रतिछाया

# गुरुनानकपुरा की ग़लियाँ हो रहीं हैं गुम पीजी/हॉस्टल की भीड़ में

कुलदीप गुप्ता, हिलव्यू समाचार

**राजापार्क में बढ़ती अशांति का सबसे बड़ा कारण यहाँ पर बढ़ते हुए पीजी और हॉस्टल्स ही हैं। रिहायशी एरिये धीरे-धीरे कमर्शियल एक्टीविटी में बदल गए हैं-**

**नगर निगम मालवीयनगर जोन, हॉस्टल संचालकों, सबंधित स्थानीय थाना,वार्ड पार्षद स्वाति परनामी, विधायक कालीचरण सर्राफ व राजापार्क व्यापार मंडल अध्यक्ष रवि नैय्यर व गुरुनानकपुरा के ज़िम्मेदार नागरिकों से प्रश्न**

- पीजी/होस्टल में रह रहे बच्चों के किरायेनामे कहाँ हैं?
- बहुमंज़िला बिल्डिंग्स की परमिशन कहाँ हैं
- रेजिडेंशियल प्लॉट्स पर कमर्शियल एक्टिविटी या निर्माण की निगम परमिशन कहाँ हैं?
- धड़ल्ले से चलते इन PG / होस्टल्स की पार्किंग कहाँ हैं?
- बिल्डिंग्स के बहुमंज़िला निर्माण की अनुमति और उनकी फायर एनओसी कहाँ हैं?
- PG/होस्टल्स के किचन या कैंटीन का फ़ूड लाईसेंस कहाँ हैं?
- पीजी के लिए सुरक्षा व व्यवस्था गार्ड कहाँ हैं?


**प्लॉट न.392, गुरुनानकपुरा, राजापार्क रमेश मदान (काका) द्वारा अवैध निर्माण PG/हॉस्टल संचालन के लिए अवैध निर्माण लगातार ज़ोरों पर गुरुनानकपुरा में।**


प्लॉट न. 234, गुरुनानकपुरा, राजापार्क रेजिडेंशियल प्लॉट पर कमर्शियल दुकानों का अवैध निर्माण


प्लॉट न. 386, गुरुनानकपुरा मालवीय नगर जोन,नगर निगम हैरीटेज द्वारा सीज किया गया। इसी के पास कई प्लॉट्स जैसे प्लॉट न. 393,234,375 जैसे कई अवैध निर्माण चल रहे हैं उन्हें कब सीज करेगा निगम?

### निगम या शासन-प्रशासन द्वारा की जाने वाली सीजर कार्यवाही का अस्तित्व क्या है?

13 दिसम्बर 2022 को प्लॉट न.386,गुरुनानक पुरा को सीज किया गया। मालवीय नगर जोन नगरनिगम ग्रेटर द्वारा की गई कार्यवाही निःसन्देह सराहनीय है लेकिन क्या महज़ सील कर देना सही समाधान है इन बढ़ती अवैध निर्माण गतिविधियों का? क्या 180 दिन बाद सीजर की विधिवत कार्यवाही पूरी कर अवैध निर्माणकर्ता पुनः सील नहीं खुलवायेगा? जिन नियमों का उल्लंघन किया गया बिल्डिंग बायलॉज के हिसाब से क्या उनकी पालना करेगा आगे से अवैध निर्माणकर्ता? सब प्रश्नों का एक ही जवाब है 'नहीं'....तो फिर इन अवैध निर्माणों को ध्वस्त करने की प्रक्रिया क्यों नहीं अपनायी जाती ताकि सबक बने अवैध निर्माणकर्ताओं के लिये यह ध्वस्तीकरण और बन्द हों अवैध निर्माणों का सिलसिला!

प्लॉट न. 392, 391 के रमेश मदान (काका) PG के लिए 392 का अवैध निर्माण कर रहे हैं। गुरुनानकपुरा की 40 फिट चौड़ी सड़के सकडी गलियाँ बनती जा रही हैं क्योंकि बिल्डिंग्स में पार्किंग है ही नहीं। सारी गलियाँ व सड़कें पार्किंग से घिर गयीं हैं। पैदल चलना तक आसान नहीं।रहवासी बढ़ रहे हैं। पीजी/हॉस्टल बने इन रेजिडेंशियल बहुमंज़िला मकानों में 10-20 लड़के-लड़कियाँ पेइंग गेस्ट (P G) के रूप में रह रहे हैं और तो और उनके वाहनों का जमावड़ा तो गुरुनानकपुरा की चौड़ी सड़कें ही खा गया है। बिल्डिंग मालिकों की कारें आसपास के एरिया को घेरे हुए हैं। इन होस्टल्स में रह रहे लड़के-लड़कियों की दिन-रात आवाजाही कॉलोनीवासियों का अमन-चैन भी छीन रही है। अज़नबी लोगों व गतिविधियों का संचालन बढ़ गया है। रेजिडेंशियल एरिया धीरे-धीरे कमर्शियल एक्टीविटी का हब होते जा रहे हैं। जिन्होंने वक़्त के साथ PG बना लिए उन्हें कोई परेशानी नहीं है इन सब से लेकिन जिन्होंने नहीं बनाए हैं उनका जीना हराम हो गया है। शासन-प्रशासन की यह खुली छूट लगातार निमंत्रण दे रही है अनजाने में बड़ी मुसीबत को। क्योंकि किसी भी मल्टी स्टोरी में फायर के इंतज़ाम नहीं हैं। न किसी होस्टल/पीजी संचालक ने गार्ड लगा रखे हैं। असामाजिक गतिविधियों को भी इन पेइंग गेस्ट हाउस की वजह से बल मिला है जिसकी वजह से आसपास के मकानों में रहने वाली महिलाओं के लिए वातावरण सुरक्षित नहीं है।

# वार्ड 94 के भाजपा पार्षद घनश्यामदास चंदलानी राजापार्क में अवैध निर्माणों के बने राजा




हिलव्यू समाचार

जयपुर। वार्ड 94 के पार्षद घनश्यामदास चंदलानी को घमंड हो चला है कि उनका कोई कुछ नहीं बिगाड़ सकता और स्थानीय विधायक का आशीर्वाद प्राप्त घनश्यामदास चंदलानी कभी सर्वानन्द पार्क (सार्वजनिक पार्क)सिंधी कॉलोनी न्यू राजापार्क पर कब्जा कर रहा है तो कभी किसी बिल्डर के साथ जेवी कर निहाल हो रहा है। प्लॉट न. 314,ताज़ा फल वाली रोड़, शांति पथ का अवैध निर्माण अभी शुरू ही किया है कि रामगली न.08 में प्लॉट न.25 पर हाथ मार लिया है। घनश्यामदास चंदलानी विधायक की छत्रछाया में रहकर ख़ुद को विधायक ही समझने लगा है। इसके अतिरिक्त प्लॉट न.88 रामगली न.06 राजापार्क में खड़ी अवैध बिल्डिंग घनश्यामदास के भ्रष्टाचार की कहानी ख़ुद बयां कर रही है।


घनश्यामदास चंदलानी के सैकड़ों अवैध प्रोजेक्ट सांठगांठ, पार्टनशिप और स्वयं ऑनरशिप से चल रहे हैं।

आदर्शनगर ज़ोन ने अब तक इसके किसी भी अवैध प्रोजेक्ट को टारगेट नहीं किया है.....क्यों?

आदर्शनगर,राजापार्क में इनकी हर बिल्डिंग्स बिना सेटबैक छोड़े,बिना अनुमति,बिना नक़्शे के अप्रूव्ड के धड़ाधड़ बन रही है। ताज़ाफल वाली रोड़,शांतिपथ,सिंधी कॉलोनी प्लॉट न.314 में अवैध निर्माण बेसमेंट से शुरू हो गया।

साईंकृपा, जवाहर नगर रोड़ वाली बिल्डिंग पर झूठा शपथ पत्र देकर चंदलानी फ्री हो गए। श्याम पान भंडार, बर्फ़खाने के पास चार अवैध शोरूम बनाकर मस्त हैं वार्ड 94पार्षद के घनश्यामदास चंदलानी।

इस तरह चंदलानी आम जनता के हितों का शोषण लगातार कर रहे हैं। कांग्रेस सरकार की नाक के नीचे भाजपा पार्षद चंदलानी अवैध निर्माण कर रहे हैं लेकिन प्रशासन ने अब तक कार्यवाही क्यों नहीं शुरू की इन अवैध निर्माणों पर यह एक बड़ा प्रश्नवाचक चिन्ह है शासन व प्रशासन के समक्ष।


प्लॉट न. 25, रामगली न.08,न्यू राजापार्क में वार्ड 94 पार्षद घनश्यामदास चंदलानी द्वारा नया अवैध निर्माण शुरू


**रामगली न.06,प्लॉट न.88.आदर्शनगर.राजापार्क**

## सम्पादकीय

# कठिन दौर में कैसा हो आगामी बजट

## वैश्विक और घरेलू परिस्थितियों पर एक साथ देना होगा ध्यान




अगले महीने देश का आम बजट पेश होने जा रहा है। यूं तो बजट को संतुलन साधने की कवायद ही कहा जाता है, लेकिन इस बार सरकार के समक्ष यह चुनौती और बड़ी होने जा रही है। जहां वैश्विक अस्थिरता से अर्थव्यवस्था की सेहत पर असर पड़ रहा है, वहीं अगले साल सरकार को चुनावी परीक्षा में भी उतरना है। ऐसे में बजट में कुछ ऐसी लचीली रणनीति अपनानी होगी, जिसमें राजकोषीय तस्वीर भी न बिगड़े और सरकार की कल्याणकारी योजनाओं को निरंतर गति मिलती रहे। इसमें कोई संदेह नहीं कि वैश्विक परिस्थितियों ने इस समय तमाम गणित बिगाड़ दिए हैं। रूस-यूक्रेन युद्ध से कई देशों में महंगाई बेलगाम हो गई है। इससे मांग पर असर पड़ा है और वैश्विक मंदी की आशंका गहराने लगी है। इसे लेकर भी कुछ नहीं कहा जा सकता कि इन आकार लेती परिस्थितियों से निपटने के लिए पश्चिमी देशों के केंद्रीय बैंक किस रणनीति का अनुसरण करते हैं। वहीं कोविड को लेकर नई आशंकाओं ने भी चिंता बढ़ाई है। इन पहलुओं को देखते हुए हमारे आर्थिक नीति-नियंताओं को बजट को अंतिम रूप देते समय बहुत मशक्कत करनी होगी। वैश्विक रुझान इसलिए महत्वपूर्ण हैं, क्योंकि केंद्रीय बैंकों द्वारा ब्याज दरें बढ़ाने का असर पूरी दुनिया पर पड़ा है। भारत में भी रिजर्व बैंक ने मई से जो दरें बढ़ानी शुरू की हैं, उसका असर अगले वित्त वर्ष की वृद्धि पर देखने को मिल सकता है।

चालू वित्त वर्ष में जीडीपी की नामिनल वृद्धि 15 प्रतिशत रहने का अनुमान है, जो अगले वित्त वर्ष में घटकर 10.5 प्रतिशत से 11 प्रतिशत के दायरे में रह सकती है। इसका अर्थ होगा कि राजस्व वृद्धि में भी कुछ सुस्ती आएगी, जिससे खुले हाथ से खर्च के लिए गुंजाइश भी घट जाएगी। इसलिए सरकार को सोच-समझकर कदम आगे बढ़ाने होंगे। सरकार आवश्यक खर्चों और सब्सिडी से मुंह नहीं फेर सकती। असल में संवेदनशील वर्गों के लिए ऐसा संरक्षण आवश्यक है। इसीलिए सरकार खाद्य सब्सिडी पर खर्च को निरंतर जारी रखे हुए है। जहां तक उर्वरक और ईंधन सब्सिडी का प्रश्न है तो यह अंतरराष्ट्रीय कारकों पर निर्भर करेगा। हाल-फिलहाल इनकी अंतरराष्ट्रीय कीमतों में अपने चरम से कुछ नरमी आई है, जो सरकार के लिए राहत की बात है, लेकिन यदि यह रुझान बदला तो सरकार का हिसाब बिगड़ेगा। ऐसे में, यही संभावना अधिक है कि बजट में सरकार इन सब्सिडी को लेकर यथास्थिति कायम रखेगी।

बजट में सरकार की सबसे बड़ी प्राथमिकता ऐसे परिवेश को प्रोत्साहन देने की होनी चाहिए, जिसमें उपभोग के बजाय निवेश और क्षमता निर्माण को गति मिले। यदि उपभोग पर अधिक ध्यान केंद्रित हुआ तो महंगाई के विरुद्ध रिजर्व बैंक की मुहिम निस्तेज पड़ेगी। यह मोर्चा इसलिए भी मुश्किल है, क्योंकि वैश्विक मांग सुस्त होने की स्थिति में घरेलू मांग का ही अधिक सहारा रह जाता है। ऐसे में सरकार को ऐसे प्रयास करने होंगे कि महंगाई पर दबाव बढ़ाए बिना ही इस राह पर गाड़ी आगे बढ़ जाए। करदाताओं की ओर से करों में राहत दिए जाने का दबाव होगा, लेकिन इस मांग की पूर्ति के लिए भी सरकार के पास गुंजाइश नहीं है। इसके बजाय सरकार को क्षमता विस्तार से जुड़े निवेश पर फोकस करना होगा। इसके अलावा उत्पादन आधारित प्रोत्साहन यानी पीएलआइ जैसी योजनाओं का दायरा बढ़ाना होगा।

जलवायु परिवर्तन इस समय की सबसे बड़ी चुनौतियों में से एक है। इसके चलते प्रतिकूल मौसम परिस्थितियां फसल चौपट करने से लेकर सामान्य गतिविधियों को प्रभावित कर उत्पादकता को घटाती हैं। यह बिल्कुल सही समय है कि सरकार इस ओर ध्यान दे। बड़ी कंपनियों के पास तो हरित तकनीक की ओर कूच करने के लिए पर्याप्त संसाधन हैं, लेकिन आम तौर पर छोटे उद्यमों के पास उनका अभाव है। उन्हें हरित ऊर्जा की ओर उन्मुख करने के लिए सरकार को ही आगे आना होगा। इस मामले में जितना विलंब होगा, उतना ही दूरगामी नुकसान होता रहेगा। असल में, जलवायु परिवर्तन से जुड़े उपायों पर खर्च बढ़ाने से किसानों सहित तमाम अंशभागियों को लाभ पहुंचेगा। इसके साथ ही कृषि जैसे क्षेत्र से जुड़ी अवसंरचना और अन्य सहयोगी पहलुओं पर ध्यान देना होगा। इसे समझने के लिए इस वर्ष प्याज की कीमतों के रुझान की चर्चा उपयोगी होगी। इस वर्ष प्याज उत्पादन वाले कई प्रमुख इलाकों में वर्षा की वजह से फसल को नुकसान हुआ, लेकिन प्याज के दाम बहुत ज्यादा नहीं बढ़े। ऐसा इसलिए, क्योंकि सरकार ने भंडार में संग्रहित प्याज को आपूर्ति के लिए खोल दिया। इसलिए विशेषकर कृषि जैसे उत्पादों के लिए आवश्यक इकोसिस्टम बनाने के लिए बजट में विशेष प्रविधान किए जाएं, ताकि उत्पाद बिल्कुल भी बर्बाद न हो और उनकी निरंतर आपूर्ति से कीमतें भी स्थिर रहें।

मोदी सरकार का अभी तक का रिकार्ड यही कहता है कि वह बजट में भारी लोकलुभावन घोषणाओं से बचती आई है और उसे देखते हुए इस बार भी यही लगता है कि बजट में राजनीति पर अर्थनीति को ही वरीयता मिलेगी। यह समय की मांग भी है, क्योंकि वैश्विक परिस्थितियां चुनौतीपूर्ण बनी हुई हैं, जिससे भारत पर भी दबाव बढ़ा है। ऐसी स्थिति में भी सरकार यदि राजकोषीय घाटे को जीडीपी के 6.4 प्रतिशत के दायरे में रखने में सफल रहती है तो यह प्रशंसनीय होगा। मौजूदा स्थिति में चालू वित्त वर्ष में भारत की सात प्रतिशत की वृद्धि दर बड़ी अर्थव्यवस्थाओं में सबसे बेहतर होगी और अगले अत्यंत चुनौतीपूर्ण वर्ष में उसके छह प्रतिशत रहने का अनुमान भी हालात के हिसाब से बुरा नहीं कहा जाएगा। ऐसे में सरकार को चाहिए कि वह बजट में तार्किक रूप से खर्च करे, ताकि आर्थिकी सही दिशा में आगे बढ़े। यदि लोकलुभावन घोषणाओं का सहारा लिया गया तो न केवल उनके वित्तपोषण की चुनौती बनी रहेगी, बल्कि उससे अंतरराष्ट्रीय संस्थाओं से लेकर निवेशकों के बीच सही संदेश नहीं जाएगा। इस बार का बजट इस लिहाज से भी और महत्वपूर्ण हो गया है कि राजकोषीय नीति का स्वरूप मौद्रिक नीति की भावी दशा-दिशा को काफी हद तक प्रभावित करने का काम करेगा।

**(लेखक क्रिसिल में मुख्य अर्थशास्त्री हैं)**

छोटी-मोटी लड़ाइयों की वजह से अपने रिश्ते को खराब न होने दें

# रूठे-रूठे पिया मनाऊं कैसे




जया भादुड़ी और विजय आनंद की 'कोरा कागज' 1974 में रिलीज हुई हिट फिल्म थी. इस फिल्म का गीत 'रूठे-रूठे पिया मनाऊं कैसे? आज न जाने बात हुई क्या, क्यों रूठे मुझसे, जब तक वो न बोलें मुझसे, मैं समझूं कैसे?' सुपरहिट रहा है और आज भी चाव से सुना जाता है. इस गाने की तरह पति-पत्नी में भी कभी-कभी रूठना-मनाना चलता रहता है. लड़ाई-झगड़ा हर रिलेशनशिप में होता है. लेकिन कई बार हम जाने-अनजाने में अपने पार्टनर का दिल दुखा देते हैं, जिसकी वजह से हमारा प्यार हमसे रूठ जाता है. कुछ लोग अपने पार्टनर से दिनों-दिनों तक नाराज रहते हैं, लेकिन इससे धीरे-धीरे रिश्ते में दरार पड़ने लगती है. लड़ाई के बाद दोनों ही पार्टनर्स को लगता है कि दूसरा बात करने की पहल करे. लेकिन ईगो के कारण अपने रिश्ते को खराब मत होने दीजिए. अगर आप चाहते हैं कि आपका रिश्ता मजबूत बना रहे तो अपने रूठे पार्टनर को मना लीजिए. लड़ाई के पीछे कारण कोई भी हो, इससे ज्यादा यह मायने रखता है कि आप अपने रिश्ते को बचाने के लिए क्या कदम उठाते हैं.



**सॉरी बोलें** – अगर आपके पार्टनर आपकी किसी गलती की वजह से नाराज हो गए हैं तो सॉरी कह दें. माफी मांगने से सामने वाले व्यक्ति को भी लगेगा कि आपको अपनी गलती का एहसास है. इससे आपके पार्टनर का गुस्सा शांत हो जाएगा और वे आपको माफ कर देंगे. हालांकि, आप भी सिर्फ बोलने के लिए सॉरी ना बोलें, बल्कि अपनी गलती को महसूस भी करें. इसके साथ ही, आप भविष्य में अपनी गलती को सुधारने की कोशिश भी करें.

**गिफ्ट देकर मनाएं**– अगर आपके पार्टनर आपसे नाराज हैं तो आप गिफ्ट देकर भी उन्हें मना सकते हैं. आप उनकी पसंद या जरूरत का कोई सामान उन्हें गिफ्ट कर सकते हैं. यहां तक कि आप एक गुलाब का फूल देकर भी अपने पार्टनर को मना सकते हैं. भले ही आपका गिफ्ट ज्यादा कीमती न हो, लेकिन उसके पीछे के जज्बात सच्चे होने चाहिए.

### उनकी पसंद का खाना बनाएं

आपने वो कहावत तो सुनी ही होगी कि दिल का रास्ता पेट से होकर गुजरता है. अपने पार्टनर को मनाने के लिए आप उनकी पसंद का खाना भी बना सकते हैं. जब वे आपकी मेहनत देखेंगे, तो इससे उन्हें बहुत खुशी मिलेगी और वे आपको माफ कर देंगे. खासतौर पर अगर लड़का खाना बनाकर खिलाए तो इससे लड़कियां बहुत खुश होती हैं.


### खुलकर बात करें

जब आपका पार्टनर आपसे नाराज हो तो उनसे खुलकर बात करें. आप उनसे प्यार से पूछें कि आप उनके लिए क्या कर सकते हैं. इसके साथ ही, यह भी डिस्कस करें कि आप भविष्य में लड़ाई होने से कैसे रोक सकते हैं. बात करने से आप दोनों को एक-दूसरे की फीलिंग्स समझ आएंगी और उनका गुस्सा भी शांत हो जाएगा.

**प्यारा सा कार्ड दें**– अगर आप अपने पार्टनर के सामने अपने दिल की बातें नहीं कह सकते हैं तो उन्हें एक प्यारा सा ग्रीटिंग कार्ड भी दे सकते हैं. कार्ड में अपने मन की बातें लिखकर उन्हें बता सकते हैं कि आप उनसे कितना प्यार करते हैं. आप अपने पार्टनर के साथ किसी कैफे या रेस्टोरेंट में जाकर साथ में क्वालिटी टाइम स्पेंड कर सकते हैं.

# चेहरे पर खिलेगी गुलाबी रंगत





**दमकती**–गुलाबी त्वचा भला कौन नहीं चाहता! आप अपने चेहरे पर हल्की गुलाबी रंगत लाने के लिए शायद ब्लश का इस्तेमाल करती होंगी. लेकिन क्रीम ब्लश अगर सही तरीके से न लगाया जाए तो बहुत खराब भी लग सकता है. इसके लिए यहां दिए गए इन ट्रिक्स और टिप्स की मदद से आप इसे लगाएं. अगली बार किसी पार्टी में जाने से पहले इन्हीं ट्रिक्स को फॉलो करके आप गार्जियस लुक पा सकती हैं.

BEAUTY जोन

### विंटर में खूबसूरत दिखेंगी आप

जानिए, इन 3 ट्रिक्स और टिप्स की मदद से क्रीम ब्लश का इस्तेमाल आप कैसे व कब कर सकती हैं.

### अंगुलियों से लगाएं

पाउडर ब्लश को आप ब्रश से ही लगा सकती हैं, लेकिन क्रीम ब्लश को अंगुलियों से लगाना आसान होता है. इसका कारण यह है कि जब आप अंगुलियों से क्रीम ब्लश लगाती हैं तो ब्लश आपके फेस पर मेल्ट हो जाता है और आपको नेचुरल फिनिश लुक मिलता है.

### मेकअप स्पॉन्ज यूज करें

ब्लश लगाने का सबसे बढ़िया तरीका है कि आप मेकअप स्पॉन्ज से क्रीम ब्लश लगाएं. यह ठीक ऐसे ही होगा जैसे कि आप क्रीम या लिक्विड फाउंडेशन लगाती हैं. क्रीम ब्लश को ब्रश की मदद से चीकबोन्स पर लगाएं. अब स्पॉन्ज से इसे अच्छी तरह ब्लेंड करें. जैसे आप थपथपाकर फाउंडेशन को ब्लेंड करती हैं.



### ध्यान दें

ब्लश में अपनी अंगुलियों को अंदर तक न डालें, वरना यह गंदा हो जाएगा. बेहतर होगा कि आप प्रोडक्ट को फेस पर लगाने के लिए ब्रश का इस्तेमाल करें. इसके बाद इंडेक्स फिंगर और मिडिल फिंगर के सिरों से इसे हल्के हाथों से थपथपाते हुए अच्छी तरह ब्लेंड करें. ऑइली त्वचा पर क्रीम ब्लश की जगह पाउडर ब्लश अप्लाई करें.

### स्टिपलिंग ब्रश का करें इस्तेमाल

वैसे तो स्टिपलिंग का इस्तेमाल फाउंडेशन लगाने के लिए किया जाता है, लेकिन ब्लश लगाने में भी आप इसका इस्तेमाल कर सकती हैं. इसके लिए थोड़ा सा प्रोडक्ट ब्रश पर लें और अपने चीकबोन्स पर लगाएं. अब ब्रश से इसे गोलाई में ब्लेंड करें. इससे आपको परफेक्ट फिनिश मिलेगा.

विश्व ब्रेल दिवस

# नेत्रहीन भी पढ़ सकते हैं

हर साल 4 जनवरी को विश्व ब्रेल दिवस मनाया जाता है. इस दिवस ही लुइस ब्रेल का जन्म हुआ था. लुइस ब्रेल ने ही ब्रेल लिपि को जन्म दिया था. इस लिपि के माध्यम से नेत्रहीन व्यक्ति आंशिक रूप से पढ़ सकते हैं. ब्रेल लिपि को जन्म देने वाले लुइस ब्रेल का जन्म 1809 में हुआ था. फ्रांस में जन्मे लुइस ब्रेल के पिता की घोड़े की काठी बनाने की दूकान थी. चार भाई-बहन थे, जिसमें लुइस सबसे छोटे थे. एक दिन 3 साल के लुइस दूकान में खेल रहे थे, उसी दौरान उन्होंने लेदर के टुकड़े में नुकीले औजार से छेद करना चाहा, वह औजार उनके हाथ से फिसलकर उनकी आंख में जा लगा. इससे उनकी आंख में गंभीर चोट आई और इन्फेक्शन हो गया. धीरे-धीरे इन्फेक्शन दूसरी आंख में भी फैल गया. इस एक्सीडेंट के बाद 5 साल के होते-होते लुइस की आंखों की रोशनी पूरी तरह चली गई. इसके बाद भी उन्होंने हिम्मत नहीं हारी और उन्होंने अपने नाम से एक राइटिंग स्टाइल बनाई, जिसे आगे चलकर 'ब्रेल लिपि' के नाम से जाना गया. पहला विश्व ब्रेल दिवस 4 जनवरी को मनाया गया था. संयुक्त राष्ट्र महासभा ने नवंबर, 2018 में इस दिवस को मनाने का प्रस्ताव पास किया था. इस दिवस का उद्देश्य ब्रेल लिपि के महत्व के बारे में जागरूकता फैलाना है.








# ठंड में खाएं गुड़

DIET मैजिक

गुड़ हमारे शरीर के लिए काफी फायदेमंद माना जाता है, इस कारण आज भी कई लोग अपनी डाइट में इससे बनी हुई चीजें शामिल करते हैं. अच्छी क्वालिटी वाले गुड़ में 70% से अधिक सुक्रोज होता है. साथ ही साथ मिनरल्स 5% , ग्लूकोज 10% से कम और फ्रक्टोज होते हैं. गुड़ में जिंक, विटामिन-B, कैल्शियम, फॉस्फोरस, कॉपर और मिनरल्स भी पाए जाते हैं.

- गुड़ खाने से हमारा मेटाबॉलिज्म इम्प्रूव होता है.
- गुड़ में सुक्रोज पाया जाता है लेकिन इसमें फाइबर और पानी नहीं होता, जिससे पेट साफ रहने में मदद मिलती है.
- इसमें अच्छी मात्रा में आयरन पाया जाता है, इसलिए एनीमिया के मरीजों को इससे काफी फायदा मिलता है.



- इसे खाने से सर्दी-जुकाम जल्दी ठीक होता है क्योंकि इसमें मौजूद मिनरल्स और एंटी ऑक्सीडेंट इम्यून सिस्टम को मजबूत करने में मदद करते हैं.

परीक्षा में अभिभावकों की उम्मीदों से तनिक कम नंबर आ जाएं तो वे इसे स्वीकार नहीं करते. ऐसे में बच्चा अवसाद में जा सकता है. जरूरी है कि ऐसे नाजुक वक्त में माता-पिता बच्चे को संबल दें कि ये केवल एक परीक्षा का रिजल्ट है. उसे प्रेरित करें कि वह कमियां दूर कर बेहतर तैयारी करे और अगली परीक्षा में सफलता पाए. परीक्षाओं के नतीजे घोषित होते ही बच्चों के मन की टूटन और कभी-कभी अतिवादी कदम उठा लेने की खबरें भी आने लगती हैं. दुखद है कि कई बच्चे सिर्फ फेल हो जाने की वजह से नहीं, बल्कि अपनी उम्मीदों के मुताबिक ऊंचे या बहुत ऊंचे अंक हासिल न कर पाने की वजह से ही अवसाद ग्रस्त हो जाते हैं. उनके मन को थामने का काम केवल पैरेंट्स ही कर सकते हैं.

# नाजुक वक्त में साथ दें अभिभावक

### उम्मीद हो, बोझ नहीं

परीक्षा परिणामों के समय हमारे घरों में बच्चों को केवल उम्मीद भरी नजर से ही देखा जाता है. सफलता या असफलता की स्वीकार्यता को लेकर उन्हें मानसिक रूप से तैयार नहीं किया जाता, न ही घर के बड़े सदस्य इसके लिए तैयार होते हैं. बच्चों को यह दिलासा भी नहीं दी जाती कि अंक चाहे जैसे आएं, हम तुम्हारे साथ हैं. किशोरवय बच्चों के लिए सहयोग और आपसी समझ की यह कमी तकलीफदेह है. तभी तो परीक्षाओं के नतीजे आते ही बच्चों के घर छोड़ने और आत्महत्या करने जैसी खबरें सुर्खियां बनने लगती हैं. ऐसे में जरूरी है कि परिणाम आने के समय पर भी बच्चों को संबल दिया जाए. बच्चों को समझाएं कि अगर वे परीक्षा में असफल भी होते हैं तो इसका मतलब यह नहीं कि वे जीवन में असफल हो गए हैं. गुस्सा होने, किसी से तुलना करने या ताने-उलाहने देने के बजाय संयत होकर साथ देना ही बड़े होते बच्चों को इस उलझन भरे समय से उबार सकता है. ऐसा तभी संभव है जब आपकी आशाएं उनकी बेहतरी से जुड़ें, पर बोझ न बनें.

PARENTING जोन

### भावनात्मक संबल जरूरी

माहौल को सहज, सहयोगी और संबल देने वाला बनाते हुए अभिभावकों को बच्चों का साथ देना चाहिए. अभिभावकों को समझना होगा कि बच्चों से हर हाल में अव्वल रहने की उम्मीद रखना उन्हें तनाव और अवसाद का शिकार बनाती है. इसीलिए परिणाम आने के समय पर बच्चों को थामना जरूरी है.



### नाकामयाबी के दौर में सहजता

हमारे परिवेश में बच्चों को असफल होने के हालात से सामना करना सिखाया ही नहीं जाता. तभी तो परीक्षा परिणाम मन मुताबिक न आएं तो वे अवसाद का शिकार हो जाते हैं. नंबर रेस में थोड़ा पीछे रह जाना भी हमारे यहां एक बड़ी कमजोरी की तरह देखा जाता है, जबकि यह कोई बहुत बड़ी समस्या नहीं है, न ही कोई परीक्षा जिंदगी का आखिरी इम्तिहान होती है. यही वजह है कि बच्चे रिजल्ट आने के समय भी कई चिंताओं से घिरे रहते हैं. यही तनाव कई बार आत्महत्या जैसा कदम उठाने की वजह बन जाता है. भारत में हर 4 में से 1 किशोर मानसिक अवसाद से पीड़ित है. इसकी वजह पढ़ाई का दबाव और बेहतर नतीजे लाने का तनाव ही है. पढ़ाई में बेहतर प्रदर्शन करने के लिए किशोरों को स्कूल और अभिभावक दोनों का ही दबाव झेलना पड़ता है. कई बार अभिभावकों की अवास्तविक उम्मीदें बच्चों के मन पर जीवन के लिए बोझ भी बन जाती हैं. जब बच्चे इन आशाओं को पूरा नहीं कर पाते तो निराश-हताश महसूस करते हैं. यह असहनीय दबाव उनके जीवन से हार जाने का एक बड़ा कारण बनता है. बच्चों से अपेक्षाएं इतनी ज्यादा हैं कि कई बच्चे तो नतीजे आने से पहले ही असफल होने डर से आत्महत्या जैसा कदम उठा लेते हैं.



# बाजरे का टिक्कड़




**सामग्री** – बाजरे का आटा-1 कप (200 ग्राम), सफेद तिल आधा कप, गुड़ 150 ग्राम, रिफाइंड ऑयल तलने के लिए, एक चुटकी नमक.

**विधि**– बाजरे का मीठा टिक्कड़ बनाने से पहले गुड़ को कूटकर छोटे-छोटे टुकड़े बना लें. इसे पैन में डालकर पौन कप पानी के साथ हल्की आंच पर पिघला लें. बर्तन में बाजरे का आटा लें और चुटकी भर नमक मिला लें. इसमें तिल और गुड़ का घोल डालकर गूंथ लें. फिर आटे की लोइयां बनाकर अपनी पसंद अनुसार कुकी कटर से काट लें और उसे रिफाइंड में क्रिस्पी होने तक तल लें. चाय के साथ टिक्कड़ का स्वाद लें.

# साग और मक्के की रोटी



**सामग्री** – सरसों का साग-2 बंच, पालक 2 बंच, बथुआ 2 बंच, हरी मिर्च 4, मक्के का आटा 1 कप, तड़के के लिए घी 3 टेबल स्पून, बारीक कटा हुआ अदरक 2 बड़े चम्मच, बारीक कटा प्याज 2-3, सफेद मक्खन 1 बड़ा चम्मच.

**विधि**– हरी सब्जियों को काटकर अच्छी तरह पानी से धो लें. सबको कुकर में थोड़ा पानी डालकर पका लें. जब सब्जियां अच्छे से पक जाएं तो बर्तन को उतार लें. अब उसमें मक्के का आटा धीरे-धीरे डालकर मिलाएं. साग की कंसिस्टेंसी आने तक पकी हुई सब्जियां धीरे-धीरे मसलती रहें.

**तड़के के लिए**- प्याज, अदरक और हरी मिर्च को बारीक काट लें. तड़के के लिए अलग पैन में घी गर्म करें. उसमें जीरा, हरी मिर्च, हींग, अदरक, प्याज को अच्छी तरह से लाल कर लें और पूरी सामग्री से साग में तड़का लगा दें. अब इसमें नमक डालें. आपके लिए साग तैयार है. मक्खन डालकर गरमा-गरम परोसें. इसे मक्खन लगी मक्के की रोटी के साथ खाएं.

**पहली बार राजस्थान आईं राष्ट्रपति मुर्मु: राजभवन में किया संविधान पार्क का लोकार्पण, कहा...**

# हमारा संविधान है एक जीवंत दस्तावेज़

**हिलव्यू समाचार**

**जयपुर।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कहा है कि भारत एक भू-भाग नहीं, एक विचार है, जहां ज्ञान, दर्शन की परंपरा है। उन्होंने कहा कि देश के संविधान जीवंत दस्तावेज है जो समय के साथ बदलती जन-मानस की आशाओं और आकांक्षाओं को समाहित करने में पूरी तरह सक्षम है। उन्होंने कहा कि हमारे दूरदर्शी संविधान निर्माताओं के पास भविष्य की पीढ़ियों को उनकी आवश्यकताओं के अनुसार प्रणाली बनाने के बारे में विचारों की स्पष्टता थी, इसी कारण संविधान संशोधन के प्रावधानों को भी संविधान में ही शामिल किया गया है।

राष्ट्रपति ने मंगलवार को यहां राजभवन में नवनिर्मित संविधान उद्यान के लोकार्पण समारोह में कहा कि संविधान में 105 संशोधनों किए जा चुके हैं। यह बताता है कि हमारा संविधान एक जीवंत दस्तावेज है जो समय के साथ बदलती हुई जन-मानस की आशाओं और आकांक्षाओं को समाहित करने में पूरी तरह सक्षम है। उन्होंने कहा कि हमारा लोकतंत्र विश्व का सबसे बड़ा व जीवंत लोकतंत्र है। हमारे इस महान लोकतंत्र का आधार हमारा संविधान है। राष्ट्रपति ने डॉ. भीमराव अंबेडकर के कथन का उल्लेख करते हुए कहा कि संविधान चाहे कितना भी अच्छा क्यों न हो, यदि संविधान को मानने वाले लोग खराब निकले तो निश्चित रूप से संविधान खराब सिद्ध होगा। दूसरी तरफ अगर संविधान को मानने वाले लोग अच्छे हुए तो संविधान अच्छा सिद्ध होगा। राष्ट्रपति के रूप में मुर्मू की यह पहली राजस्थान यात्रा है। इससे पहले जयपुर हवाई अड्डा पहुंचने पर राज्यपाल और मुख्यमंत्री ने उनकी अगवानी की। यहां से मुर्मू अमर जवान ज्योति पहुंचीं और वहां अमर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की।



### संसद में 100 से ज्यादा महिला सांसद

राष्ट्रपति ने कहा कि आज 100 से ज्यादा महिला सांसद हैं। हमारी बहनें, अपने संघर्ष तथा योग्यता के बल पर पंचायत भवन से लेकर संसद भवन तक अपनी उपस्थिति और योगदान को निरंतर बढ़ा रही हैं तथा समाज और देश की सेवा कर रही हैं। संविधान सभा में सरोजनी नायडू, राजकुमारी अमृत कौर, मालती चौधरी, बेगम एजाज रसूल जैसी प्रतिनिधियों ने अहम सुझाव दिए थे।

### राजस्थान की भूमि को नमन

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कहा कि राष्ट्रपति के रूप में राजस्थान का यह मेरा पहला दौरा है। राजस्थान के लोगों ने वीरता और बलिदान की अमिट गाथाएं लिखी हैं। ऐसी विभूतियों की इस धरती को मैं सादर नमन करती हूं। राष्ट्रपति ने कहा कि हमारे संविधान में समानता का अधिकार दिया गया है। समानता तथा महिला सशक्ति के संदर्भ में राजस्थान के एक महत्वपूर्ण योगदान को मैं रेखांकित करना चाहूंगी। उन्होंने कहा कि बाल विवाह को समाप्त करने के वास्ते एक अधिनियम तैयार करने में राजस्थान के हरविलास शारदा का महत्वपूर्ण योगदान है।

### संविधान संस्कृति का जीवंत दर्शन

राज्यपाल मिश्र ने इस अवसर पर कहा कि हमारा संविधान भारतीय संस्कृति का जीवंत दर्शन है। संविधान के लेखन, इसे निर्मित करने के लिए बनाई गई संविधान सभा, संविधान सभा की बैठकों, संविधान निर्माण में संलग्न रहे महापुरूषों की इसमें भूमिका और इसे लागू किए जाने की यात्रा बहुत अर्थपूर्ण है। मिश्र ने कहा कि संविधान को देश की विविधता की हमारी सामाजिक संस्कृति को ध्यान में रखते तैयार कर लागू किया गया था।





### संविधान ने दिए बराबरी के अधिकार

सीएम अशोक गहलोत ने कहा कि संविधान की मूल भावना हर नागरिक को पता होनी चाहिए। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि राजभवन में नवनिर्मित संविधान पार्क संवैधानिक आदर्शों, मूल्यों और इसकी मूल भावना के प्रसार को आगे बढ़ाएगा। संविधान के निर्माण के साथ ही देश में महिलाओं सहित सभी नागरिकों को बराबरी के अधिकार दिए गए, यह डॉ. भीमराव अंबेडकर और संविधान सभा के सदस्यों की पवित्र सोच को दर्शाता है।

## एसीबी ने पीडब्ल्यूडी एक्सईएन व एईएन को रिश्वत लेते रंगे हाथों दबोचा

**हिलव्यू समाचार**

**जयपुर।** सवाई माधोपुर जिले में एक ही दिन में एसीबी ने दो जगह पर कार्यवाही कर घूसखोरो को उनके अंजाम तक पहुंचा दिया। एक और जहां बामनवास में वरिष्ठ सहायक को 2500 रुपए की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किया गए तो वहीं दूसरी ओर सवाई माधोपुर जिला मुख्यालय के पीडब्ल्यूडी कार्यालय पर जयपुर एसीबी की टीम ने बड़ी कार्यवाही को अंजाम देते हुए पीडब्ल्यूडी के एक्सईएन ओम प्रकाश मीणा को 40 हजार रुपए की तथा एईएन मुरारी लाल मीणा को 5 हजार की रिश्वत की राशि लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार कर लिया।



### ठेकेदार की शिकायत पर एक्शन

एसीबी के अधिकारियों द्वारा जानकारी देते हुए बताया गया कि 2021-22 में मुख्यालय के सर्किट हाउस में एक भवन का निर्माण परिवादी ठेकेदार अशोक चौधरी द्वारा किया गया था। जिसका 10 लाख रुपए का बिल बकाया था। बिल को पास करने के एवज में अधिशासी अभियंता तथा सहायक अभियंता 50-50 हजार रुपए की राशि की मांग कर रहे थे। जिसकी शिकायत परिवादी अशोक चौधरी द्वारा जयपुर एसीबी के कार्यालय में की गई। वहीं एसीबी की टीम द्वारा पूर्व में शिकायत का सत्यापन करवाया गया। जैसे ही परिवादी द्वारा अधिशासी अभियंता ओमप्रकाश मीणा को 40000 रुपए तथा सहायक अभियंता मुरारी लाल मीणा को 5000 रुपए दिए गए तभी एसीबी ने दोनों ही आरोपियों को रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों धर दबोचा। एसीबी दोनों ही अधिकारियों के अन्य ठिकानों पर भी दबिश देने की कार्यवाही को अंजाम दे रही है।

### वरिष्ठ सहायक को 2500 लेते किया ट्रैप

इधर सवाई माधोपुर एसीबी की टीम ने आज बामनवास में बड़ी कार्रवाई को अंजाम दिया है। एसीबी की टीम ने तहसील कार्यालय बामनवास पर कार्यवाही करते हुए वरिष्ठ सहायक व एक प्राइवेट व्यक्ति को ट्रेप किया। एसीबी के एएसपी सुरेंद्र शर्मा ने बताया कि बामनवास तहसील कार्यालय से यूडीसी मुकेश कुमार मीणा व दलाल मेघराज माली को 2500 की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथो ट्रैप किया है। उन्होंने बताया कि परिवादी ने 30 दिसंबर को एसीबी सवाई माधोपुर को एक प्रार्थना पत्र पेश किया था। जिसके माध्यम से बताया था कि जमीन का हक त्याग करवाने के लिए तहसील कार्यालय बामनवास में उसने आवेदन किया था।


**राजस्थान आवासन मण्डल**
हमारा प्रयास-सबको आवास

**जयपुर के प्रताप नगर में विकसित देश के पहले कोचिंग हब में निर्मित**

आवंटन का द्वितीय चरण

आवंटन लॉटरी द्वारा

**संस्थानिक सम्पत्तियों की आवंटन प्रक्रिया पुनः प्रारम्भ**

ऑनलाइन आवेदन 07 दिसम्बर से 31 जनवरी, 2023 तक



फोटो प्रतीकात्मक

**उपलब्ध कोचिंग परिसरों (परिसम्पत्तियों) का विवरण :**

| क्र. सं. | निर्मित क्षेत्रफल का वर्गीकरण | उपलब्ध संख्या | सुपर बिल्टअप क्षेत्रफल (वर्गफीट) | दर प्रति वर्गफीट (रुपयों में) | कीमत (रुपयों में) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Complete Tower | 2 | 1,12,357.84 | 4380.91 | 49,22,29,800/- |
| 1(a) | Type-I (Ground &1st Floor) | 10 | 8025.56 | 4619.69 | 3,70,75,600/- |
| 1(b) | Type-I (2nd & 3rd Floor) | 11 | 8025.56 | 4490.69 | 3,60,40,300/- |
| 2 | Type-II | 27 | 4012.72 | 4233.86 | 1,69,89,300/- |
| 3 | Type-III | 16 | 2808.79 | 4233.92 | 1,18,92,200/- |
| 4 | Type-IV | 10 | 2409.91 | 4233.85 | 1,02,03,200/- |
| 5 | Type-V | 19 | 2424.65 | 4233.84 | 1,02,65,600/- |
| 6 | Type-VI | 10 | 1588.06 | 4233.90 | 67,23,700/- |

नोटः- • उपरोक्त कीमत के अतिरिक्त नगर निगम को देय 15 प्रतिशत राशि एवं अन्य विविध व्यय पृथक से देय होंगे।
पात्रता • पंजीकरण के लिए कोचिंग संस्थाएं, स्टार्टअप संस्थाएं तथा व्यक्ति भी पात्र होंगे। आवंटित सम्पत्तियों का उपयोग केवल कोचिंग के लिए किया जा सकेगा।
• किसी एक सम्पूर्ण टावर अथवा किसी एक ही टावर मे एक ही श्रेणी की समस्त सम्पत्तियों के लिए आवेदन करने पर आवंटन में प्राथमिकता।

राजस्थान संवाद

**शर्तें/भुगतान प्रक्रिया**

- पंजीकरण हेतु आवेदन शुल्क 5000/- रुपये (18% GST अतिरिक्त)
- प्रोसेसिंग फीस राशि 10000/- रुपये (18% GST अतिरिक्त)
- आवेदक उपरोक्त तालिका में दर्शायी 6 श्रेणियों में से किसी एक श्रेणी में ही आवेदन कर सकेगा
- प्रत्येक श्रेणी में लॉटरी द्वारा आवेदकों की वरीयता निर्धारित की जायेगी
- वरीयता निर्धारण पश्चात् सफल आवेदकों को संस्थानिक सम्पत्ति का आवंटन लॉटरी द्वारा किया जायेगा
- 50 प्रतिशत राशि (पंजीकरण राशि समायोजित करते हुए) आवंटन पत्र जारी होने की तिथि से 120 दिवस में जमा करानी होगी
- शेष 50 प्रतिशत राशि आवंटन पत्र जारी होने की तिथि से 180 दिवस में जमा करानी होगी
- आवंटन पश्चात् संस्था आवंटित क्षेत्रफल में आन्तरिक साज-सज्जा का कार्य करवा सकेगी। परन्तु आवंटित परिसम्पत्ति का विधिवत कब्जा सम्पूर्ण राशि जमा कराने के पश्चात् ही दिया जा सकेगा
- आवंटी संस्था द्वारा विधिवत कब्जा प्राप्त करने से तीन माह की अवधि में संस्था संचालन की कार्यवाही करनी अनिवार्य होगी

आवंटन प्रक्रिया में भाग लेने, विस्तृत नियम एवं शर्तों के लिए आवासन मण्डल की वेबसाइट www.urban.rajasthan.gov.in/RHB देखें

हेल्प लाइन नं. कार्यालय समय में: 0141–2744688, 0141–2740009 कार्यालय समय उपरान्तः (सायं 6:00 से 8:00 बजे तक) 9461054291 एवं 9460254319, 99833131666, 8852000770 या समन्वयक अधिकारी श्री भारत भूषण जैन (9828363615) आवासीय अभियंता, श्री प्रकाश चौधरी (9983993886) से सम्पर्क करें।

मौका दिखाने के लिए साइट पर हैल्प डेस्क की व्यवस्था।

RERA Website: www.rera.rajasthan.gov.in
RERA No. RAJ/P/2022/2068


# सरकार अस्थाई कामगा़रों को दे सकती है तोहफ़ा

■ सामाजिक कल्याण योजनाओं पर जोर देने की उम्मीद

**हिलव्यू समाचार**

**जयपुर।** राजस्थान में अशोक गहलोत नीत कांग्रेस सरकार के मौजूदा कार्यकाल के आखिरी बजट में युवाओं पर विशेष ध्यान केंद्रित करते हुए महंगाई से मुकाबले के लिए समाज कल्याण योजनाओं पर ध्यान दिया जा सकता है। राज्य के बजट में राहुल गांधी के सुझावों की झलक भी मिल सकती है, जो उनकी भारत जोड़ो यात्रा के दौरान प्राप्त प्रतिक्रियाओं पर आधारित हैं। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने घोषणा की है कि राज्य सरकार महंगाई के असर को कम करने के लिए गरीब परिवारों को हर साल 500 रुपए प्रति सिलेंडर के मूल्य पर 12 सिलेंडर देगी। कुछ दिन पहले भारत जोड़ो यात्रा के तहत अलवर जिले में एक जनसभा में गहलोत ने कहा था कि सरकार रसोई किट देने पर भी विचार करेगी।



### युवाओं का भविष्य संवारने के प्रयास: जलदाय मंत्री जोशी

जलदाय मंत्री महेश जोशी ने कहा कि पहले से ही स्पष्ट है कि बजट युवाओं को समर्पित होगा। युवाओं के भविष्य को लेकर एक माहौल बनाया जाएगा, उसके लिए प्रयास किए जाएंगे। इसके अलावा महिलाओं को राहत मिलेगी। रसोई गैस सिलेंडर में छूट, राशन किट देने और राइट टू हेल्थ जैसे बिल लाए जाएंगे। इसके अलावा कई सौगातें मिलेंगी।

### राहुल गांधी की सिफारिशों पर अमल

सरकार के स्तर पर बजट पूर्व बैठकें हो चुकी हैं और समाज के अनेक वर्गों के सुझाव मिले हैं। पार्टी के एक नेता ने कहा कि राज्य में भारत जोड़ो यात्रा के दौरान विभिन्न सुझाव प्राप्त हुए थे और इन पर आधारित कुछ महत्वपूर्ण सिफारिशें राहुल गांधी ने पार्टी की राज्य इकाई और मुख्यमंत्री को दी हैं, जिनके बजट में शामिल किए जाने की संभावना है। उनमें से एक सिफारिश गिग कर्मियों के कल्याण के बारे में है। राहुल ने सार्वजनिक रूप से स्विगी, जोमैटो, उबर, ओला आदि जैसे कामगारों की बात की है। बजट में ऐसे श्रमिकों के कल्याण के लिए प्रावधान होने की उम्मीद है। मुख्यमंत्री पहले ही बीपीएल और उज्ज्वला योजना के लाभार्थियों को 500 रुपए प्रति सिलेंडर की दर से एक साल में 12 एलपीजी सिलेंडर देने की घोषणा कर चुके हैं।

### राज्य सरकार ने करवाया सर्वेक्षण

राजनीतिक विशेषज्ञों का मानना है कि यह कदम आगामी चुनाव में कांग्रेस पार्टी को बढ़त दिला सकता है। किसी परियोजना में एक निश्चित अवधि के लिए अस्थायी रूप से काम करने वाले कामगार 'गिग' क्षेत्र में आते हैं। सरकार के सूत्र बताते हैं कि अस्थायी कर्मचारियों को कानूनी संरक्षण प्रदान कर और उन्हें कल्याणकारी योजनाओं से जोड़कर बजट में उनके लिए प्रावधान लाने वाला राजस्थान देश का पहला राज्य होगा। विधानसभा का सत्र 23 से शुरू होगा। अधिकारी ने कहा कि राज्य सरकार ने जुलाई में गिग कर्मियों के बीच एक सर्वेक्षण करवाकर उनके फायदों और चुनौतियों के बारे में पता लगाया। इस क्षेत्र के कर्मियों को सामाजिक सुरक्षा देकर चुनाव में कांग्रेस को लाभ मिल सकता है।

हिलव्यू समाचार

प्रदेश

जयपुर
शनिवार, 07 जनवरी 2023



### सीएम अशोक गहलोत और सचिन पायलट के बीच चल रहे विवाद पर बोले पूर्व मंत्री रघु शर्मा

# भारत जोड़ो यात्रा से पार्टी में बढ़ी एकजुटता, हम साथ-साथ हैं

हिलव्यू समाचार
जयपुर। प्रदेश के पूर्व चिकित्सा मंत्री रघु शर्मा रविवार को नए साल के पहले दिन अजमेर प्रवास पर रहे। उन्होंने कई कार्यक्रमों में शिरकत की। शर्मा का कांग्रेस कार्यकर्ताओं व कर्मचारी संगठनों की ओर से जगह-जगह पर स्वागत किया गया। शर्मा ने सर्किट हाउस में मीडिया से बातचीत में कहा कि नसीराबाद से देवली हाईवे बनने पर पश्चिम राजस्थान से कई राज्य सीधे जुड़ जाएंगे। इसे लेकर उन्होंने केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी को पत्र भेजा था। जिसका उन्हें सकारात्मक जवाब मिला। शर्मा ने सचिन पायलट और मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के बीच खींचतान को लेकर कहा कि राहुल की भारत जोड़ो यात्रा से पार्टी में एकजुट बड़ी है और राजस्थान में यह यात्रा कामयाब साबित हुई है। इस दौरान उन्होंने मुख्यमंत्री योजना के तहत बनाई गई गुमटियां तोड़ने पर गहरी नाराजगी जताई। उन्होंने कहा कि उन्हें गुमटियां तोड़ने की जानकारी मिली है, जो कि न्याय संगत नहीं है। उन्होंने कहा कि अगर रोजगार दे नहीं सकते तो कम से कम छीनो मत। वह गुमटियां तोड़े जाने और यूजर चार्जेज को लेकर जिला कलेक्टर अंशदीप से बात करेंगे।



### रामलुभाया कमेटी करेगी निर्णय

रघु शर्मा ने केकड़ी और ब्यावर को जिला बनाने को लेकर कहा कि इस मामले में सेवानिर्वत आईएएस रामलुभाया की कमेटी निर्णय करेगी। इसके बाद ही प्रदेश में कौनसे नए जिले बन रहे हैं, यह स्पष्ट हो सकेगा। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री गहलोत और पूरी कांग्रेस पार्टी प्रदेश के विकास व आमजन से जुड़ी योजनाओं को लागू करके राहत देने में जुटी हुई है।

### हिमाचल मॉडल पर लड़ेंगे चुनाव

रघु शर्मा ने राजस्थान में होने वाले आगामी चुनाव को लेकर कहा कि प्रदेश में हिमाचल मॉडल पर कांग्रेस चुनाव लड़ सकती है। गुजरात की हार पर उन्होंने कहा कि वहा कांग्रेस का 27 परसेंट रहा है। जबकि पिछले चुनाव में 2017 में कांग्रेस का वोट शेयर 41 पर्सेंट था। इस बार आम आदमी पार्टी ने 13 फ़ीसदी वोट यह माने की आधा फीसदी भी वोट लिए हैं। इन सब को जोड़ा जाए तो कांग्रेस का वोट शेयर पिछली बार की तरह ही है, जबकि आप और अन्य पार्टियों का परसेंटेज काफी कम रहा।

### परशुराम जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण

विप्र फाउण्डेशन की ओर से देश भर में आयोजित परशुराम कुण्ड आमंत्रण यात्रा रविवार को अजमेर पहुंची। इस दौरान रघु शर्मा ने रीजनल तिराहा स्थित परशुराम सर्किल पर परशुराम जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। इसी तरह मनोनीत पार्षद नितिन शर्मा के कार्यालय पर और कई अन्य कार्यक्रमों में भी शर्मा ने शिरकत की। इस दौरान पीसीसी सदस्य सागर शर्मा, कांग्रेस के निर्वतमान अध्यक्ष विजय जैन सहित अन्य उपस्थित रहे।

## एक नज़र

### नए साल के पहले दिन दो बड़ी दुर्घटनाएं

# 15 ज़िंदगियां ख़त्म



हिलव्यू समाचार
**जयपुर**। नए साल के पहले दिन प्रदेश में दो जगह सड़क हादसों में 15 जिंदगियां खत्म हो गई। इनमें सीकर में 10 और हनुमानगढ़ में 5 लोगों की मौत हुई। सीकर जिले के पलसाना में तीन वाहनों के बीच हुई टक्कर से 10 लोगों की मौत हो गई। वहीं, 5 लोग घायल हो गए, जो अस्पताल में भर्ती हैं। रविवार को हुए इस हादसे में एक पिकअप ने बाइक को टक्कर मारी और उसे घसीटते हुए सामने से आ रहे ट्रक से जा टकराई। मृतकों में 3 भाई-बहन, एक दंपती व ढाई साल का मासूम भी शामिल है। पिकअप सवार शाहपुरा के सामोद के रहने वाले थे, जो नए साल के पहले दिन सीकर के जीणमाता के बाद दर्शन के बाद गणेश धाम जा रहे थे।

सीएम अशोक गहलोत ने सीकर सड़क दुर्घटना में हुई 10 लोगों की मृत्यु पर गहरा दुख व्यक्त किया है। गहलोत ने कहा कि इस कठिन घड़ी में मेरी गहरी संवेदनाएं मृतकों के शोकाकुल परिजनों के साथ हैं। मुख्यमंत्री ने ईश्वर से दिवंगतों की आत्मा की शांति तथा परिजनों को यह आघात सहन करने की शक्ति प्रदान करने और घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की प्रार्थना की। राज्यपाल कलराज मिश्र ने सीकर हादसे पर शोक व्यक्त किया है। उन्होंने दिवंगतों की आत्मा की शांति और घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की।



### हनुमानगढ़ में पांच लोग काल कवलित

हनुमानगढ़ जिले में ईंटों से लदे एक ट्रक और कार की टक्कर हो गई। हादसे में पांच लोगों की मौत हो गई और एक अन्य घायल हो गया। पल्लू थाना पुलिस ने बताया कि रावतसर-सरदारशहर राजमार्ग पर बिसरासर गांव के पास यह हादसा हुआ। इसमें तीन लोगों की मौके पर ही मौत हो गई और दो अन्य ने अस्पताल में दम तोड़ा। घायल को इलाज के लिए बीकानेर रेफर किया गया है।

## ठेहट हत्या मामले में हथियार पहुंचाने वाला गिरफ्तार

**जयपुर**। सीकर में राजू ठेहट की हत्या के मामले में हत्या के आरोपियों को हथियार देने वाले को रविवार को बीकानेर से गिरफ्तार कर लिया गया। हत्याकांड में उपयोग किए गए हथियारों की सप्लाई और शूटर्स को रुपए पहुंचाने के तार सीधे तौर पर बीकानेर से जुड़े हैं। पंचमुखा हनुमान मंदिर के पास रहने वाले धनराज गहलोत पुत्र सत्यनारायण गहलोत को सीकर पुलिस के हवाले किया गया है। अब तक बीकानेर से शूटर्स को रुपए उपलब्ध करवाने के प्रमाण मिले थे। अब हथियार देने के मामले में गिरफ्तारी हो गई है। एएसपी अमित कुमार ने बताया कि धनराज गहलोत ने शूटरों को हथियार उपलब्ध करवाए थे। अब तक बीकानेर से पांच युवकों को सीकर पुलिस के हवाले किया जा चुका है।



### आरटीडीसी अध्यक्ष का जैसलमेर दौरा

## प्रदेश की इकोनॉमी में पर्यटन का महत्वपूर्ण योगदान: राठौड़



हिलव्यू समाचार
**जयपुर**। राजस्थान पर्यटन विकास निगम के अध्यक्ष धर्मेन्द्र राठौड़ ने कहा कि पर्यटन क्षेत्र राजस्थान की रीढ़ की हड्डी है तथा राज्य की अर्थव्यवस्था में पर्यटन का महत्वपूर्ण योगदान है। उन्होंने बताया कि राज्य सरकार के पर्यटन को उद्योग का दर्जा देने के महत्वपूर्ण निर्णय, राजस्थान ग्रामीण पर्यटन योजना ढोला मारु कॉम्प्लेक्स आदि प्रयासों से राजस्थान में पर्यटन को नई दिशा मिलेगी। आरटीडीसी अध्यक्ष राठौड़ रविवार को जैसलमेर दौरे पर रहे। इस दौरान उन्होंने आरटीडीसी होटल समढाणी, जैसलमेर का निरीक्षण किया तथा समढाणी से हेलिकॉप्टर जॉयराइड की। साथ ही जॉयराइड का लुफ्त उठा रहे पर्यटकों से संवाद करते हुए फीडबैक भी लिया। राठौड़ ने बताया कि जैसलमेर में हेलिकॉप्टर जॉयराइड सेवा को पर्यटकों द्वारा बहुत पसंद किया जा रहा है। हेलिकाप्टर जॉयराइड के माध्यम से राजस्थान के विभिन्न पर्यटन स्थलों को हवाई मार्ग से जोड़ने की योजना है, जिसमें धार्मिक, वाइल्ड लाइफ आदि सर्किट बनाए जाएंगे। उल्लेखनीय है कि हाल ही में आरटीडीसी के तत्वावधान में पर्यटकों को सड़क एवं रेल मार्ग के साथ ही हवाई मार्ग से पर्यटन सुविधा उपलब्ध करवाने की पहल की गई है। आरटीडीसी अध्यक्ष ने पैलेस ऑन व्हील का जिक्र करते हुए बताया कि विश्व की दस लग्जरी ट्रेन में से पैलेस ऑन व्हील एकमात्र रेलगाड़ी है, जो वर्तमान में पटरी पर दौड़ रही है। उन्होंने बताया कि पैलेस ऑन व्हील के न्यू ईयर टूर के तहत यात्रा कर रहे देशी विदेशी पर्यटकों यात्रियों का नववर्ष पर शनिवार को अजमेर में स्वागतम कार्यक्रम में अभिनंदन किया।

# भरतपुर जिले के 7 विधायकों में से चार मंत्री व दो बोर्ड के अध्यक्ष









हिलव्यू समाचार
**जयपुर**। राजस्थान में ऐसा पहली बार ही हुआ है कि कांग्रेस सरकार में चार मंत्री भरतपुर जिले से मंत्रिमंडल में शामिल किए गए हों। वहीं मंत्रियों का ये हाल है कि उन्होंने अपने विधानसभा क्षेत्र को ही अपना इलाका मान लिया है। भरतपुर जिले से 4 विधायकों को मंत्री बनाने के बाद लोगों में उम्मीद की किरण भी जागी थी कि अब तो भरतपुर विकास की दौड़ में सबसे आगे हो जाएगा, लेकिन हुआ इसका उल्टा। जिस कदर सरकार में भरतपुर को हिस्सेदारी मिली है, उतना विकास नजर आता नहीं है। वैसे कहते हैं मंत्री तो पूरे राज्य का होता है, लेकिन भरतपुर के मंत्रियों ने तो अपने-अपने इलाके ही बांट रखे हैं। भरतपुर जिले के 7 विधायकों में से सरकार में चार विधायक तो मंत्री पदों पर काबिज हैं तो वहीं 2 विधायकों का रुतबा भी किसी मंत्री से कम नहीं है। पूर्व राजपरिवार के सदस्य विश्वेंद्र सिंह पर्यटन एवं नागरिक उड्डयन विभाग के कैबिनेट मंत्री हैं तो वैर विधानसभा क्षेत्र से विधायक चुने गए भजनलाल जाटव पीडब्ल्यूडी के कैबिनेट मंत्री पद पर आसीन हैं।

इसके अलावा भरतपुर से विधायक डॉ. सुभाष गर्ग और कामां से विधायक जाहिदा खान को राज्यमंत्री पद का दर्जा सरकार में मिला हुआ है। मुख्यमंत्री ने बसपा छोड़कर कांग्रेस में शामिल हुए नदबई के विधायक जोगिंदर सिंह अवाना और नगर के विधायक वाजिब अली को भी अलग-अलग बोर्डों में अध्यक्ष बनाकर राज्यमंत्री का दर्जा दिया गया है। बयाना विधानसभा क्षेत्र से विधायक चुने गए अमर सिंह जाटव ही एकमात्र ऐसे विधायक हैं, जो किसी बोर्ड के अध्यक्ष या मंत्री नहीं हैं। अब जब इन 7 विधायकों में से 6 विधायक प्रदेश की कांग्रेस सरकार में मंत्री बने बैठे हैं, तब भी जिला विकास को तरस रहा है।

### पूर्वी राजस्थान का ज्यादा प्रतिनिधित्व



डीग-कुम्हेर से विधायक विश्वेंद्र सिंह ही एकमात्र ऐसे नेता हैं, जो समय-समय पर अन्य विधानसभा क्षेत्रों में दौरे करते हैं। आमजन का मानना है कि ऐसा पहली बार ही हुआ है कि भरतपुर से मंत्रियों की पूरी फौज सरकार में शामिल की गई हो, लेकिन अपने-अपने इलाको में बंटने की वजह से इस फौज का भरतपुर को कोई लाभ मिलता हुआ नजर नहीं आता है। पिछले दिनों भरतपुर संस्थापक महाराजा सूरजमल के बलिदान दिवस पर आयोजित पुष्पांजलि कार्यक्रम में भरतपुर आए मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने भी अपने भाषण में इस बात का जिक्र किया था कि सरकार में पूर्वी राजस्थान को सबसे ज्यादा प्रतिनिधित्व दिया गया है।

### अपने क्षेत्र से आगे नहीं बढ़ते मंत्री

हालात ये हो चुके हैं कि पीडब्ल्यूडी मंत्री भजनलाल जाटव वैर-भुसावर से आगे नहीं बढ़ते। वहीं तकनीकी शिक्षा एवं आयुर्वेद राज्यमंत्री डॉ. सुभाष गर्ग भी केवल भरतपुर विधानसभा क्षेत्र से अपना मतलब रखते हैं। कामां विधायक जाहिदा खान तो मंत्री बनने के बाद भरतपुर में नजर ही नहीं आती। कमोबेश यही हाल नदबई विधायक जोगिंदर अवाना और नगर विधायक वाजिब अली का भी है।

### कोटा बनेगा टूरिस्ट हब: चंबल रिवर फ्रंट का निर्माण अंतिम दौर में, दिखाई देगी देसी-विदेशी कलाकृतियों की झलक

# आकर्षण का केन्द्र बनेगा जहाज, क्रोकोडाइल बताएगा रास्ता

हिलव्यू समाचार
**कोटा**। कोचिंग सिटी कोटा को टूरिस्ट हब बनाने के लिए सरकार के ड्रीम प्रोजेक्ट चंबल रिवर फ्रंट का काम जोरों पर चल रहा है। यहां देश-विदेश की कलाकृतियां की झलक देखने को मिलेगी। बता दें कि नगरीय विकास एवं स्वायत्त शासन मंत्री शांति धारीवाल के निर्देशन में बनाए जहा रहे चंबल रिवर फ्रंट का कार्य अब अंतिम दौर में है। रिवर फ्रंट के आसपास के क्षेत्र में कई ऐसे मॉन्यूमेंट्स बनाए गए जा रहे हैं जो पर्यटकों के आकर्षण के केंद्र बनेंगे। इसी के तहत कोटा के थर्मल चौराहे पर पानी के जहाज का मॉन्यूमेंट स्थापित किया जा रहा है। जहाज को बनाने में करीब 25 टन लोहे का इस्तेमाल किया गया है। जिसकी लंबाई 21 मीटर, चौड़ाई 515 मीटर और ऊंचाई 6.5 मीटर है। ये मॉन्यूमेंट रिवर फ्रंट पर प्रवेश से पूर्व पर्यटकों को आकर्षित करेगा। जहाज पर क्रोकोडाइल भी बनाया गया है जो पर्यटकों को रास्ता दिखाने का काम करेगा।



### निर्माण पर 50 लाख की आई लागत

इस जहाज का निर्माण कार्य मेरठ के कारीगरों द्वारा 3 महीने में पूरा किया गया है। इसको बनाने में करीब 50 लाख की लागत आई है। नगर विकास न्यास सचिव राजेश जोशी ने बताया कि नगरीय विकास एवं स्वायत्त शासन मंत्री शांति धारीवाल के निर्देशन में कोटा में अभूतपूर्व विकास कार्य पूर्ण हो गए हैं। वहीं पर्यटन विकास के क्षेत्र में विश्व स्तरीय पहचान बनाने वाला चंबल रिवर फ्रंट प्रोजेक्ट का कार्य भी अंतिम चरण में है। रिवर फ्रंट के आसपास के क्षेत्रों में भी पर्यटक विकास के कार्यों को करवाया जा रहा हैं।

### पानी मे तैरता हुआ नज़र आएगा जहाज

चंबल रिवर फ्रंट क्षेत्र में विकसित किया गया जहाज का यह मॉन्यूमेंट्स पानी में तैरता हुआ नजर आएगा। जल की धाराएं भी बहती दिखेगी, जो पर्यटकों को आकर्षित करेंगी। जहाज के विशाल मॉन्यूमेंट्स पर आकर्षक लाइटिंग एवं खूबसूरत कलर इसकी सुंदरता में चार चांद लगाएंगे।

### रिवर फ्रंट पर होंगे और भी कई आकर्षण

कोटा में बन रहा चंबल रिवर फ्रंट देश में सबसे बड़ा, खूबसूरती के साथ कई विविधताएं लिए हुए है। यहां देश-विदेश की कलाकृतियां भी देखने को मिलेंगी। यहां अनोखा घंटा भी यहां लगाया जा रहा है, इसके साथ ही कई विश्व प्रसिद्ध छतरियां, गार्डन हैं और ना जाने कितने ही नजारे यहां आकर्षित करेंगे। इसके साथ ही इसका कार्य पूरा होने पर करीब एक दर्जन से अधिक कॉलोनियां बाढ़ की चपेट में आने से भी बचेंगी।

काम की बात

## सिर तन से जुदा करने की दी धमकी, दोनों आरोपी गिरफ्तार



**हिलव्यू़ समाचार**
**उदयपुर**। थाना सराड़ा क्षेत्र के झाडोल में 27-दिसंबर की रात दुकान में पथराव कर व्यापारी गोविंद पटेल को कन्हैया लाल हत्याकांड की तरह जान से मारने की धमकी देने के मामले में पुलिस ने आरोपी दो भाइयों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी देवीलाल और जितेंद्र पीड़ित गोविंद के पड़ोसी और रिश्तेदार हैं। एसपी विकास शर्मा ने बताया कि 27 दिसंबर की रात झाडोल निवासी गोविंद पटेल की खाद-बीज की दुकान पर अज्ञात व्यक्तियों द्वारा पथराव कर धमकी भरा खत छोड़ा गया था, जिसमें गोविंद पटेल को उदयपुर में हुए कन्हैया लाल हत्याकांड की तरह जान से मारने की धमकी दी गई थी।

घटना की गंभीरता को देखते हुए आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मुकेश कुमार सांखला व सीओ राजेंद्र सिंह जैन के सुपरविजन तथा थानाधिकारी सराड़ा प्रवीण सिंह राजपुरोहित के नेतृत्व में टीम गठित की गई। टीम द्वारा आरोपी भाइयों देवीलाल एवं जितेंद्र को गिरफ्तार किया गया है।

### एक परिवार के हैं पीड़ित व आरोपी

पीड़ित गोविंद और आरोपी देवीलाल आपस में चाचा ताऊ के भाई हैं। देवीलाल की झाड़ोल में पुरानी खाद-बीज की दुकान है। गोविंद पटेल ने 20-25 दिन पहले पास में ही खाद बीज एवं डेयरी प्रोडक्ट की दुकान खोल ली। इससे देवीलाल को दुकान में घाटा होने लगा। इसे लेकर दोनों के बीच पहले कहासुनी हुई थी। इसके अलावा खेत पर सिंचाई के पानी को लेकर गोविंद पटेल और देवीलाल के पिता धूलजी के बीच विवाद हुआ था। प्लान के तहत जितेंद्र उदयपुर से कार में अपने दो साथियों को लेकर रात डेढ़ बजे के करीब झाड़ोल पहुंचा। धमकी भरा खत दुकान में डालकर रोड पर पड़ी ईंट व पत्थर दुकान में फेंकने लगे। इस बीच गोविंद और उसकी पत्नी दुकान की छत पर आ गए और उनके शोर करने पर वे वहां से भाग गए।

मुख्यमंत्री ने दी मंजूरी

## उदयपुर व राजसमंद में बनेंगे छात्रावास

**हिलव्यू़ समाचार**
**जयपुर**। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने विभिन्न योजनाओं के लिए 14.80 करोड़ रुपए के अतिरिक्त वित्तीय प्रस्ताव का अनुमोदन किया है। इससे क्षेत्र में विद्यार्थियों के लिए छात्रावास, कक्षा कक्षों का निर्माण कराने सहित खेल सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। गहलोत की इस स्वीकृति से उदयपुर के चित्रकूट नगर में 7 मंजिला छात्रावास तैयार होगा। इसमें 120 छात्राओं के लिए रहने की सुविधा होगी। यहां दो मंजिला बेसमेंट बनेंगे, जिनमें बास्केटबॉल, वॉलीबॉल एरिना, जिम की सुविधा मिलेगी। भूतल पर स्वागत कक्ष, प्रतीक्षा कक्ष और दो कमरे तैयार होंगे। द्वितीय, तृतीय और चतुर्थ तल पर किचन और अन्य सुविधाएं होंगी। पांचवें से आठवें तल तक कमरे तैयार होंगे। साथ ही यहां पर प्रतियोगी परीक्षाओं के साक्षात्कार देने के लिए ग्रुमिंग रूम और वोकेशनल ट्रेनिंग रूम भी बनाए जा रहे हैं।

**राजसमंद में 50 छात्र क्षमता का छात्रावासः** इस राशि से नाथूवास में 50 छात्र क्षमता के एक छात्रावास का निर्माण होगा। इसके लिए 2 करोड़ 80 लाख रुपए स्वीकृत किए गए हैं। यहां अत्याधुनिक कोचिंग क्लास रूम भी तैयार हो रहे हैं। साथ ही सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग द्वारा संचालित 175 जनजाति छात्रावासों में अतिरिक्त सुविधाएं भी बढ़ाई जाएंगी। इनके लिए 3 करोड़ रुपए का बजट प्रावधान किया गया है।

**बेपटरी हुई सूर्यनगरी एक्सप्रेस:** रेल मार्ग प्रभावित...



# 13 डिब्बे पटरी से उतरे, तीन पलटे

## रेलमंत्री ने लिया जायजा, घायलों से की मुलाकात

**हिलव्यू़ समाचार**
**जयपुर**। राजस्थान के पाली जिले में सोमवार तड़के जोधपुर सूर्यनगरी एक्सप्रेस के 13 डिब्बे पटरी से उतर गए, जिससे 26 यात्रियों को चोटें आई। उनमें से एक के अलावा सभी यात्री उपचार के बाद अपने घर लौट गए। प्रारंभिक तौर पर पटरी के क्रेक होने के कारण यह दुर्घटना होना माना जा रहा है। हालांकि रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने घटनास्थल का जायजा लेने के बाद घटना की जांच की बात कही है। उन्होंने रेल संरक्षा आयुक्त को इस हादसे की जांच के आदेश दिए और कहा कि जांच के पश्चात इस घटना की वजह पता चल पाएगी और उन कारणों पर उचित कार्रवाई की जाएगी। वैष्णव ने कहा कि संरक्षा रेलवे की प्राथमिकता है और इसको सुदृढ़ करना प्रथम उद्देश्य है।

### घायलों का उपचार पाली में

उत्तर पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसम्पर्क अधिकारी कैप्टन शशि किरण के अनुसार गाड़ी संख्या 12480, बांद्रा टर्मिनस-जोधपुर सूर्यनगरी एक्सप्रेस के 13 डिब्बे सोमवार तड़के 3 बजकर 27 मिनट पर जोधपुर मंडल के राजकियावास-बोमादडा रेलखंड के बीच पटरी से उतर गए। उन्होंने बताया कि इस हादसे में 26 यात्रियों को चोटें आई, जिन्हें पाली स्थित बांगड अस्पताल में प्राथमिक उपचार के लिए ले जाया गया।



## राजस्थान में फिर बनेगी कांग्रेस सरकार, बजट में मिलेंगी सौगातें: धर्मेन्द्र राठौड़

**हिलव्यू़ समाचार**
**जोधपुर**। राजस्थान पर्यटन विकास निगम के अध्यक्ष धर्मेंद्र राठौड़ सोमवार को जोधपुर के दौरे पर रहे। यहां कायलाना पर पत्रकार वार्ता में राठौड़ ने कहा कि राजस्थान में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए मुख्यमंत्री अशोक गहलोत कृत संकल्पित हैं। बजट 2023-24 में भी पर्यटन के क्षेत्र में कई सौगातें मिलेंगी। राठौड़ ने कहा कि प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी नीतियों के कारण हमने गरीब के आंसू पोंछने का काम किया है, इसके कारण हम 2023 में कांग्रेस की सरकार रिपीट करने जा रहे हैं।



### जन कल्याण की योजनाओं ने बनाया मॉडल स्टेट

राठौड़ ने कहा कि राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं से राजस्थान देशभर में मॉडल स्टेट के रूप में उभर रहा है। उन्होंने चिरंजीवी स्वास्थ्य बीमा योजना, ओल्ड पेंशन स्कीम, उड़ान योजना, कृषि बजट, बेहतर कोरोना प्रबंधन का जिक्र किया। साथ ही मुख्यमंत्री अशोक गहलोत द्वारा 1 अप्रेल, 2023 से लागू किए जा रहे किफायती दरों पर गैस सिलेंडर देने के अभूतपूर्व निर्णय की सराहना की।

### भूंगरा दुःखान्तिका के घायलों से पूछी कुशलक्षेम

राजस्थान पर्यटन विकास निगम के अध्यक्ष धर्मेंद्र राठौड़ ने महात्मा गांधी हॉस्पिटल, जोधपुर में भूंगरा त्रासदी में पीड़ितों से मुलाकात की व स्वास्थ्य की जानकारी ली। राठौड़ गत दिनों शेरगढ़ तहसील के भूंगरा गांव में हुई गैस दुर्घटना में घायल महात्मा गांधी अस्पताल में भर्ती दूल्हे सुरेंद्र सिंह, दूल्हे के दोस्त जालम सिंह व परिवार की महिलाओं रुकमा कंवर, पप्पू कंवर, गवरी कंवर व अणची कंवर से मिले व उनके शीघ्र स्वस्थ होने की प्रार्थना की। उन्होंने एमजीएच सुपरिटेंडेंट डॉ. राजश्री बेहरा व सीनियर नर्सिंग ऑफिसर महिपाल सिंह राठौड़ से उनके स्वास्थ्य के बारे में जानकारी ली। उन्होंने दुर्घटना में दिवंगत हुए व्यक्तियों के प्रति गहरी शोक संवेदना व्यक्त की। राठौड़ ने मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के दुर्घटना पर तत्काल अस्पताल पहुंचकर घायलों के उचित इलाज के निर्देश देने व घायलों व मृतकों के परिजनों को दी गई विशेष आर्थिक सहायता (पैकेज) के लिए उनका आभार जताया। साथ ही जिला कलेक्टर हिमांशु गुप्ता से भी बात कर अब तक दी गई सहायता राशि व अन्य प्रक्रियाओं के बारे में जानकारी ली।

## ऑनलैंड क्षेत्र में खनिज तेल के उत्पादन में राजस्थान पहले स्थान पर



**हिलव्यू़ समाचार**
**जयपुर**। राज्य में पेट्रोलियम क्षेत्र में करीब 6200 करोड़ का नया निवेश किया जा चुका हैं। प्रदेश में चार निवेशकों द्वारा 22,838 करोड़ के निवेश कार्य जारी है। प्रदेश में पेट्रोलियम क्षेत्र में एक्सप्लोरेशन और खनन कार्य को गति मिली है। वहीं नए निवेश से प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रुप से हजारों लोगों के लिए रोजगार की राह खुलने लगी है।

उन्होंने बताया कि राजस्थान आज ऑनलैण्ड क्षेत्र में देश में सर्वाधिक खनिज कच्चा तेल उत्पादक प्रदेश बन गया है और देश का 20 प्रतिशत से अधिक कच्चा तेल राजस्थान में उत्पादित हो रहा है।

### चारों निवेशकों ने शुरू किया काम

डॉ. अग्रवाल ने बताया कि इंवेस्ट राजस्थान के दौरान नए निवेश लाने के साथ ही उन्हें धरातल पर भी लाने के लिए निरंतर समन्वय व मॉनिटरिंग की गई, जिसका परिणाम रहा कि चारों निवेशकों ने तत्काल कार्य आरंभ कर दिया। उन्होंने बताया कि पेट्रोलियम क्षेत्र में सबसे अधिक निवेश केयर्न वेदांता द्वारा किया जा रहा है। 20 हजार करोड़ के निवेश करार के विरुद्ध अब तक बाड़मेर और जालौर जिले में पीएमएल और पीईएल ब्लॉक में एक्सप्लोरेशन और अन्य विकास कार्य किए जा रहे हैं। इसमें से 5671 करोड़ रुपए के कार्य किए जा चुके हैं। इसी तरह से फोकस एनर्जी ने 1125 करोड़ रु. के निवेश कार्यों के विरुद्ध 113 करोड़ रु. के निवेश कार्य जैसलमेर ब्लॉक में किए जा रहे हैं।

### 6200 करोड़ के निवेश कार्य पूरे

अतिरिक्त मुख्य सचिव माइंस एवं पेट्रोलियम डॉ. सुबोध अग्रवाल ने बताया है कि विभागीय प्रयासों से इंवेस्ट राजस्थान के तहत पेट्रोलियम क्षेत्र में केयर्न वेदांता द्वारा 20 हजार करोड़ रु., ऑयल इण्डिया द्वारा 663 करोड़ रु., ओएनजीसी द्वारा 1050 करोड़ रु. और फोकस एनर्जी द्वारा 1125 करोड़ रु. के नए निवेश के प्रस्तावों पर करार किया गया था। उन्होंने बताया कि चारों ही निवेशक कंपनियों के निवेश को धरातल पर लाना शुरू कर दिया है और 6 हजार 200 करोड़ रु. के निवेश कार्य किए जा चुके हैं और चरणबद्ध तरीके से निवेश कार्य प्रगति पर है।

केंद्रीय मंत्री मेघवाल ने कहा, 5 करोड़ की लागत से हल्दीघाटी में बनेगा महाराणा प्रताप संग्रहालय

## महाराणा को नमन कर भाजपा का मिशन-2023 शुरू

**हिलव्यू़ समाचार**
**जयपुर**। महाराणा प्रताप को नमन कर भाजपा ने नए साल में मिशन-2023 की शुरुआत की। जनाक्रोश सभा के दौरान केंद्रीय मंत्री अर्जुनराम मेघवाल ने घोषणा करते हुए कहा कि 5 करोड़ की लागत से हल्दीघाटी में महाराणा प्रताप का संग्रहालय बनाया जाएगा। मेवाड़ में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ. सतीश पूनियां और केंद्रीय मंत्री अर्जुनराम मेघवाल ने मिशन-2023 को शुरू करने से पहले वीर महाराणा प्रताप को नमन किया और हल्दीघाटी की मिट्टी से तिलक कर यहां पर साल के पहले दिन रविवार को जन आक्रोश सभा का शंखनाद किया। वहीं राजसमंद से सांसद दीया कुमारी ने बहिन बेटियों की सुरक्षा का मुद्दा उठाया। पूनियां ने मेवाड़ संस्थापक बप्पा रावल को नमन और भगवान एकलिंगनाथ महादेव की पूजा-अर्चना कर हल्दीघाटी में जन आक्रोश सभा का आगाज किया।



### संस्कृति मंत्रालय करेगा संरक्षण

जनाक्रोश यात्रा को संबोधित करते हुए केंद्रीय मंत्री अर्जुनराम मेघवाल ने कहा कि सभी शौर्य स्थलों के विकास कार्यों की वर्तमान सरकार उपेक्षा कर रही है। हल्दीघाटी की इस वीर धरा से हम घोषणा करते है कि केंद्र के संस्कृति मंत्रालय की तरफ से 5 करोड़ की लागत से महाराणा प्रताप संग्रहालय का निर्माण किया जाएगा।

### गिनाई सरकार की विफलताएं

प्रदेशाध्यक्ष डॉ. सतीश पूनियां ने हल्दीघाटी में जन आक्रोश सभा को संबोधित करते हुए प्रदेश के किसानों की कर्ज माफी, भ्रष्टाचार, बिगड़ी कानून-व्यवस्था, पेपर लीक प्रकरण, अपराधों को कांग्रेस सरकार की विफलता बताया।

### युवाओं का भविष्य बर्बाद हो गया

वहीं सांसद दीया कुमारी ने कहा कि इस सरकार में बहन-बेटियां पूरे प्रदेश में असुरक्षित हैं। विकास कार्य पूरी तरह ठप्प हैं, किसानों और युवाओं के साथ सरकार ने वादा-खिलाफी की है और बार-बार पेपर लीक से युवाओं के भविष्य बर्बाद हो गया हैं ।

### 182 सीट जीतने का रिकॉर्ड बनाएंगे

पूनियां ने नए साल के पहले दिन मिशन 2023 की शुरूआत की। प्रदेशाध्यक्ष ने दावा किया कि इस साल में होने वाले चुनावों में राजस्थान में भाजपा की सरकार बनेगी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की जनकल्याणकारी योजनाओं से राजस्थान में 182 सीट जीतकर भाजपा रिकॉर्ड बनाएगी।

## किराएदार दंपती लाखों के जेवरात-नकदी लेकर फरार

**अजमेर (हिलव्यू़ समाचार)**। अजमेर के तोपदड़ा क्षेत्र में स्थित मकान में चोरी की वारदात सामने आई है। मकान में किराए पर रह रहे पति-पत्नी द्वारा चोरी की वारदात को अंजाम दिया गया। आरोपी पति-पत्नी मकान से लाखों के जेवरात व हजारों की नगदी चोरी कर फरार हुए हैं। पीड़ित ने मामले की शिकायत क्लॉक टावर थाने में दी है। पुलिस ने घटनास्थल का मौका मुआयना कर जांच शुरू कर दी है। तोपदड़ा निवासी पीड़ित तरुण गोस्वामी ने बताया कि उनके मकान में डेढ़ महीने से भोला राम व उसकी पत्नी ज्योति किराए पर रह रहे थे। शनिवार देर शाम जब घर पर कोई नहीं था तो दोनों पति-पत्नी उनके कमरे से 4 सोने की चूड़ियां, सोने की चैन, झुमके, आधा किलो चांदी सहित 30 हजार रुपए नगदी चोरी कर फरार हो गए। पीड़ित ने बताया कि जब उसकी मां घर पहुंची तो घर के अंदर कमरे का ताला टूटा हुआ मिला। घर की तलाशी ली गई तो किराएदार गायब मिले।

# नए साल में ओटीटी डेब्यू करेंगे कई सितारे




2018 में जब नेटफ्लिक्स की भारत में पहली वेब सीरीज 'सेक्रेड गेम्स' आई थी तो सैफ अली खान के ओटीटी प्लेटफॉर्म पर उतरने की खूब चर्चा हुई थी. इससे पहले 2017 में विवेक ओबेरॉय प्राइम वीडियो की भारत में पहली वेब सीरीज 'इनसाइड ऐज' के जरिए ओटीटी पारी शुरू कर चुके थे. इन 4-5 वर्षों में भारत का ओटीटी स्पेस इतना फैल चुका है कि 2023 में तकरीबन पूरा बॉलीवुड ओटीटी पर नजर आएगा. इस साल जो बॉलीवुड कलाकार ओटीटी पर उतरेंगे, उनमें सैफ की बेटी सारा अली खान और पत्नी करीना कपूर भी शामिल हैं. वहीं, काजोल भी वेब सीरीज डेब्यू इस साल करने वाली हैं.

## पूरा बॉलीवुड आएगा नजर



### दहाड़ेंगी सोनाक्षी

'दहाड़' से सोनाक्षी सिन्हा वेब सीरीज डेब्यू करने जा रही हैं. यह एक सीरियल किलर ड्रामा है. सोनाक्षी अंजलि भाटी नाम की पुलिस अफसर के रोल में दिखेंगी. गुलशन देवैया, सोहम शाह और विजय वर्मा अहम किरदारों में नजर आएंगे. प्राइम वीडियो की इस सीरीज को जोया अख्तर बना रही हैं.



### फ्रीडम फाइटर के रोल में सारा

सारा पीरियड वेब सीरीज 'ऐ वतन मेरे वतन' से ओटीटी पारी शुरू करने जा रही हैं. इसकी कहानी 1942 में सेट है और सारा स्वतंत्रता संग्राम सेनानी के रोल में दिखेंगी. करण जौहर सीरीज के निर्माता हैं. ओटीटी पर सारा की पहली फिल्म प्राइम वीडियो पर आयी कुली नम्बर वन है.







### पुलिस ऑफिसर सिद्धार्थ

रोहित शेट्टी अपना कॉप यूनिवर्स ओटीटी स्पेस में ला रहे हैं. उनकी पहली वेब सीरीज 'इंडियन पुलिस फोर्स' से सिद्धार्थ मल्होत्रा ओटीटी इनिंग शुरू कर रहे हैं. इस शो में सिद्धार्थ का साथ देंगे विवेक ओबेरॉय और शिल्पा शेट्टी. तीनों कलाकार पुलिस अफसरों के रोल में दिखेंगे.

### स्पाइ सीरीज में वरुण

कुछ दिनों पहले ही प्राइम वीडियो ने एलान किया था कि वरुण धवन उनकी स्पाइ सीरीज में लीड रोल निभाएंगे. वरुण का यह ओटीटी डेब्यू है. राज एंड डीके सीरीज के कर्ता-धर्ता हैं. सीरीज की शूटिंग इसी माह शुरू हो सकती है. यह रूसो ब्रदर्स के सिटेडल यूनिवर्स का हिस्सा होगी.

### डार्क ह्यूमर में शाहिद

राज एंड डीके निर्देशित सीरीज 'फर्जी' से शाहिद कपूर ओटीटी पर उतर रहे हैं. यह सीरीज जाली नोटों और ब्लैक मनी के इशू को दिखाएगी. सीरीज का जॉनर डार्क ह्यूमर है. इस सीरीज में विजय सेतुपति, केके मेनन और राशि खन्ना भी नजर आएंगी. इसका निर्माण प्राइम वीडियो की ओर से किया जा रहा है.

### द नाइट मैनेजर आदित्य

आदित्य रॉय कपूर 'द नाइट मैनेजर' के हिंदी रीमेक से ओटीटी डेब्यू कर रहे हैं. ओरिजिनल सीरीज में टॉम हिडल्टन ने लीड रोल निभाया था. इस सीरीज में अनिल कपूर और शोभिता धुलिपाला अहम भूमिकाओं में दिखेंगे.

### क्राइम कॉमेडी थ्रिलर में दुल्कर सलमान

राज एंड डीके क्रिएटेड क्राइम कॉमेडी थ्रिलर सीरीज 'गंस एंड गुलाब्स' से दुल्कर सलमान ओटीटी डेब्यू कर रहे हैं. इस सीरीज में राजकुमार राव और आदर्श गौरव भी मुख्य स्टारकास्ट का हिस्सा हैं. सीरीज का लेखन सीता मेनन और राज-डीके ने किया है.

### करीना की होगी एंट्री

करीना कपूर खान भी इस साल ओटीटी स्पेस में कदम रखेंगी. बेबो का ओटीटी डेब्यू सुजॉय घोष की फिल्म से होगा जो 'द डिवोशन ऑफ सस्पेक्ट एक्स' इसी नाम से आए नॉवल का अटेप्टेशन है. जयदीप अहलावत और विजय वर्मा करीना के साथ नजर आएंगे.

### काजोल बनेंगी वकील

2022 में अजय देवगन ने रुद्र बनकर ओटीटी पारी शुरू की थी, अब पत्नी काजोल अमेरिकन शो 'द गुड वाइफ' के भारतीय रूपांतरण से ओटीटी पारी शुरू करने जा रही हैं. इस सीरीज को सुपर्ण वर्मा निर्देशित कर रहे हैं. काजोल सीरीज में वकील के रोल में दिखेंगी.

### उर्मिला की 'तिवारी'

इस साल उर्मिला मातोंडकर का डेब्यू भी होगा. वेब सीरीज का नाम है 'तिवारी', जिसकी कहानी एक स्मॉल टाउन में दिखायी गई है. यह थ्रिलर शो है और मां-बेटी की कहानी है.

### फैशनिस्टा अनन्या

प्राइम वीडियो की सीरीज 'कॉल मी बे' से अनन्या पांडेय का वेब सीरीज डेब्यू होगा. अनन्या इस सीरीज में फैशनिस्टा का रोल निभाती दिखेंगी.



हिट फिल्में देने वाले डायरेक्टर रोहित शेट्टी के लिए साल 2022 अच्छा नहीं रहा. साल के आखिरी में रिलीज हुई उनकी फिल्म सर्कस बॉक्स ऑफिस पर औंधे मुंह गिरी. इस मल्टी स्टारर फिल्म में रणवीर सिंह लीड रोल में थे.

# रोहित ने 11वीं ब्लॉकबस्टर देने के लिए कसी कमर

अब रोहित अजय देवगन के साथ सिंघम सीरीज की अगली फिल्म ला रहे हैं. कहा जा रहा है कि यह दोनों की साथ वाली 11वीं ब्लॉकबस्टर फिल्म हो सकती है. ब्लॉकबस्टर जोड़ी अजय-रोहित ने सिंघम फ्रैंचाइजी के सीक्वल की आधिकारिक घोषणा कर दी है.

### इस तरह की घोषणा

अजय देवगन ने अपने इंस्टाग्राम पर रोहित शेट्टी के साथ फोटो शेयर की. उन्होंने लिखा- 'सिंघम अगेन की रोहित शेट्टी की कहानी के साथ नए साल की अच्छी शुरुआत की. मैंने जो स्क्रिप्ट सुनी, वह आग है. भगवान ने चाहा तो यह हमारी 11वीं ब्लॉकबस्टर होगी.' रोहित ने अजय की पोस्ट पर कमेंट करते हुए लिखा- अब तक ईमानदारी और मेहनत के साथ काम किया है, इस बार अंदर आग भी है. सिंघम सीरीज की अगली फिल्म की घोषणा करते ही फैन्स अजय की पोस्ट पर कमेंट्स कर रहे हैं. एक ने लिखा- हमेशा की तरह अपने पसंदीदा एक्टर-डायरेक्टर जोड़ी के लिए उत्साहित हूं. एक अन्य ने लिखा- बेशक, यह भी ब्लॉकबस्टर होगी. एक ने उत्साह दिखाते हुए लिखा- इसे जल्द लेकर आओ. इसी तरह कइयों ने दिल और आग लगाने वाली इमोजी के साथ कमेंट्स किए.

### दीपिका भी होंगी फिल्म का हिस्सा

इससे पहले रोहित शेट्टी ने यह खुलासा कर सभी को चौंका दिया था कि फिल्म का हिस्सा दीपिका पादुकोण भी होंगी. उन्होंने यह भी कन्फर्म किया था कि फिल्म में उनका रोल एक पुलिसवाली का होगा. इससे पहले रोहित-दीपिका ने फिल्म चेन्नई एक्सप्रेस में साथ काम किया था. हाल ही में दिए एक इंटरव्यू में रोहित शेट्टी ने बताया कि सिंघम सीरीज की तीसरी फिल्म में हाई एक्शन देखने को मिलेगा. फिल्म की शूटिंग नवंबर-दिसंबर 2022 में शुरू होनी थी लेकिन ऐसा हो नहीं पाया. फाइनल ड्राफ्ट लिखने में समय लग रहा है, हालांकि, वह फिल्म की शूटिंग 7 महीने में पूरी कर लेंगे.

# चर्चा में अजय की बेटी

## दोस्तों के साथ नशे में धुत न्यासा



अजय देवगन की बेटी न्यासा देवगन इन दिनों खूब लाइमलाइट बटोर रही हैं और सोशल मीडिया पर जमकर ट्रोल भी हो रही हैं. हाल ही में दोस्तों के साथ पार्टी करते न्यासा की कुछ फोटोज सामने आई हैं, जिसमें वह नशे में धुत मिस्ट्री ब्वॉय की बाहों में नजर आ रही हैं.

सामने आई फोटोज में देखा जा सकता है कि न्यासा ने काले रंग की क्लीवेज शो करती बोल्ड जालीदार छोटी फ्रॉक पहन रखी है. इन कपड़ों में वह अपना फिगर फ्लॉन्ट करती नजर आ रही हैं. जब से न्यासा सिंगापुर पढ़ने गई हैं, वह ज्यादा ही हॉट और बोल्ड हो गई हैं. उन्हें अक्सर दोस्तों के साथ लेट नाइट पार्टी करते देखा जाता है. न्यासा की नशे में मदहोश कुछ फोटोज सोशल मीडिया पर वायरल हो रही हैं. एक फोटो में देखा जा सकता है कि न्यासा नशे में धुत गॉगल लगाए मिस्ट्री ब्वॉय के गले में हाथ डाले हैं. न्यासा अपने दोस्तों के साथ चिल कर रही हैं और काफी खुश हैं. सभी ने एक-दूसरे को गले लगा रखा है. न्यासा इस फोटो में ओवर मेकअप और बोल्ड ड्रेस में दिख रही हैं. वैसे तो न्यासा देवगन सिंगापुर में पढ़ाई कर रही हैं लेकिन पढ़ाई से ब्रेक लेकर फिलहाल वह दोस्तों के साथ न्यू ईयर पार्टी एन्जॉय कर रही हैं. बीच में खबर आई थी कि न्यासा भी अपने पैरेंट्स की तरह बॉलीवुड में कदम रखेंगी. हालांकि, अजय ने कहा था कि उनकी बेटी का डिसीजन होगा कि वह किस फील्ड में अपना करिअर बनाना चाहती है.

# 'सूर्या 42' के हिंदी राइट्स बिके 100 करोड़ में



सूर्यम, सिरूथाई, वीरम, वेदालम और विश्वासम जैसी कुछ फिल्में बनाने के बाद, शिवा पहली बार तमिल सुपरस्टार सूर्या के साथ काम कर रहे हैं. फिल्म की घोषणा सितंबर में हुई थी. यह फिल्म थीडी में बन रही है जिसे 10 भाषाओं में रिलीज करने की तैयारी है. फिलहाल इस फिल्म को 'सूर्या 42' कहा जा रहा है.

जयंतीलाल गडा ने इस फिल्म के हिंदी राइट्स खरीद लिए हैं. यह डील 100 करोड़ रुपये में हुई है. तमिल फिल्म इंडस्ट्री में यह किसी फिल्म के लिए चुकाई गई अब तक की सबसे बड़ी राशि है. सिवा के निर्देशन में बन रही इस फिल्म से लोगों को काफी ज्यादा उम्मीदें हैं. इस फिल्म को लगभग 200 करोड़ के बजट से बनाया जा रहा है. इस पीरियड एक्शन फिल्म को लेकर चर्चा है कि इसमें सूर्या 5 किरदारों में नजर आ सकते हैं. बता दें कि फिल्म की कहानी आज के समय और 1000 साल पहले घटी घटना के इर्द-गिर्द बुनी गई है. इससे पहले पेन स्टूडियोज आरआरआर, विक्रम और पीएस-1 जैसी फिल्में खरीद चुकी हैं. अब वो हिंदी में 'सूर्या 42' का भी वितरण करेंगे. उल्लेखनीय है कि पेन ने तेलुगू फिल्म आरआरआर के हिंदी राइट्स भी 140 करोड़ में खरीदे थे. वहीं, फिल्म ने हिंदी पट्टी में 274.31 करोड़ का कलेक्शन किया था. सूर्या की बात करें तो एक्टर आखिरी बार फिल्म 'विक्रम' में दिखे थे. इस फिल्म में उनके छोटे से रोल ने काफी सुर्खियां बटोरी थीं. इसके बाद निर्देशक लोकेश कनगराज ने सूर्या के कैरेक्टर 'रोलेक्स' को लेकर अलग से फिल्म बनाने की घोषणा कर दी थी. सूर्या के साथ इस पैन इंडिया फिल्म में दिशा पाटनी भी नजर आने वाली हैं. जानकारी के अनुसार यह फिल्म पुनर्जन्म पर आधारित होगी, जिसमें जमकर एक्शन दिखाया जाएगा. इस बीच खबर है कि पेन स्टूडियोज के मालिक

# फ्लॉप होने का गम नहीं मनाते 'दीपवीर'

दीपिका पादुकोण और रणवीर सिंह बॉलीवुड के पावर कपल माने जाते रहे हैं लेकिन बीते एक साल में दोनों ने मिलकर इतनी फ्लॉप फिल्में दे दी हैं कि दोनों को अब फ्लॉप की दूकान कहा जाने लगा है. दीपिका और रणवीर इतने रईस हैं कि उन पर फ्लॉप फिल्मों का कोई असर नहीं पड़ने वाला है. तभी तो दोनों करिअर और फिल्मों पर ध्यान देने के बजाय वेकेशन पर ज्यादा ध्यान देते नजर आते हैं.

## दौलत की कमी नहीं दोनों के पास



रिपोर्ट्स के मुताबिक दीपिका और रणवीर ने बीते एक साल में कई फ्लॉप फिल्में देने के बावजूद बांद्रा में करोड़ों की कीमत वाला फ्लैट खरीदा है. दीपिका-रणवीर के इस फ्लैट की कीमत 119 करोड़ रुपए बताई जा रही है. एक्टर्स ने जिस बिल्डिंग में फ्लैट खरीदा है, वह शाहरुख खान के घर मन्नत के पास ही है. उन्होंने हाल ही में अलीबाग में एक हॉलीडे होम भी लिया है, इस घर की कीमत 22 करोड़ रुपए है. रणवीर-दीपिका फिलहाल जिस घर में रहते हैं, उस घर की कीमत 40 करोड़ रुपए बताई जाती है. मुंबई के प्रभादेवी में भी उनका एक फ्लैट है जिसकी कीमत रिपोर्ट्स के अनुसार 16 करोड़ रुपए है. रणवीर महंगी गाड़ियों का शौक रखते हैं, उनके कलेक्शन में कई लग्जरी और स्पोर्ट्स गाड़ियां हैं. रणवीर की नेटवर्थ 271 करोड़ और दीपिका की नेटवर्थ 366 करोड़ रुपए है. कुल मिलाकर दोनों की नेटवर्थ 650 करोड़ रुपए के आसपास मानी जाती है.

# बेटी के कारण फिर निशाने पर आईं ऐश्वर्या

## भड़के फैंस, उड़ाईं ट्रोलर्स की धज्जियां



ऐश्वर्या राय हमेशा ही बेटी आराध्या का हाथ पकड़ने पर ट्रोल होती रही हैं. हाल ही वह न्यू ईयर सेलिब्रेशन से लौटीं तो मुंबई एयरपोर्ट पर नजर आईं. हाल ही ऐश्वर्या, आराध्या और पति अभिषेक बच्चन के साथ मुंबई एयरपोर्ट पर नजर आईं. तीनों न्यू ईयर सेलिब्रेट करने के लिए बाहर गए थे और 3 जनवरी को लौट आए. ऐश्वर्या एयरपोर्ट पर आराध्या का हाथ पकड़कर चल रही थीं और साथ में गप्पे भी मार रही थीं. कुछ लोगों ने ऐश्वर्या को इसी बात के लिए ट्रोल कर दिया और सवाल उठाने लगे कि आखिर वह आराध्या का हाथ पकड़े हुए क्यों चलती हैं?

हर बार यूजर्स यही सवाल उठाते हैं और जानने को बेचैन रहते हैं कि आराध्या इतनी बड़ी हो गई हैं, फिर भी ऐश उनका हाथ क्यों पकड़े रहती हैं. अब फिर से ऐसी ही नौबत आई तो फैंस ऐश्वर्या के बचाव में उतर आए. विरल भयानी ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर ऐश्वर्या और आराध्या का वीडियो शेयर किया है, जिस पर फैंस कमेंट करके ट्रोलर्स को मुंहतोड़ जवाब दे रहे हैं.

एक फैन ने लिखा है, 'जो भी लोग इस बात पर सवाल उठा रहे हैं कि ऐश्वर्या क्यों आराध्या का हाथ पकड़े रहती हैं, उन्हें यह बात समझनी चाहिए कि ऐश्वर्या एक मां हैं और हर मां अपने बच्चे के लिए प्रोटेक्टिव रहती है. इस दुनिया की हर मां ऐसी है. ऐश्वर्या सिलेब्रिटी हैं, सिर्फ इसलिए घटिया कमेंट पास न करें.' एक और फैन ने लिखा, 'अभी हाथ पकड़ा है तो लोगों को प्रॉब्लम है. कल को ऐसी ही छोड़ दिया और कोई बात हो जाए, तब भी यही लोग निगेटिव कमेंट करेंगे. बोलेंगे कि बच्ची को ढंग से नहीं रखते, तमीज नहीं सिखाते. सारे यहां पर परवरिश दिखाने और सिखाने के ठेकेदार बैठे हैं.' एक और फैन ने कमेंट किया, 'उसका बच्चा है. उसके पेट से निकला है. वो चाहे हाथ पकड़े, पैर पकड़े, चोटी पकड़े, नाक पकड़े या सिर पकड़े, तुमको क्या है भाई?'

# लंदन में सतीश पर नस्लभेदी टिप्पणी एक्टर ने दिया करारा जवाब



अभिनेता सतीश शाह हाल ही में सोशल मीडिया पर सुर्खियों में हैं. उनके चर्चा में आने की वजह कोई फिल्म नहीं, बल्कि एक्टर पर की गई भद्दी टिप्पणी है. एक्टर सतीश ने अपने ट्विटर अकाउंट के जरिए अपने फैंस को बताया कि लंदन एयरपोर्ट पर उन्हें नस्लभेद का शिकार होना पड़ा. हालांकि उनके ट्वीट के बाद हीथ्रो एयरपोर्ट के मेंबर्स की तरफ से स्टाफ के बर्ताव के लिए माफी भी मांगी गई.

एक्टर ने ट्वीट करते हुए लिखा, 'मैंने जब लंदन के हीथ्रो एयरपोर्ट के एक स्टाफ मेंबर को जब अपने साथी से पूछते हुए देखा कि, 'ये फर्स्ट क्लास का टिकट कैसे अफोर्ड कर सकते हैं? तो मैंने उन्हें गर्व से भरी हुई एक स्माइल देते हुए कहा, 'क्योंकि हम भारतीय हैं!' एक्टर के इस जवाब ने स्टाफ मेंबर की सिर्फ बोलती ही बंद नहीं की, बल्कि एयरपोर्ट की तरफ से भी स्टाफ मेंबर की इस हरकत पर माफी मांगी गई. हीथ्रो एयरपोर्ट के ट्विटर अकाउंट पर माफी मांगते हुए लिखा गया, 'गुड मॉर्निंग, इस घटना के लिए हम आपसे माफी मांगते हैं. क्या आप हमें डायरेक्ट मैसेज कर सकते हैं?' स्टाफ मेंबर द्वारा इस रेसिज्म बर्ताव का सतीश ने जिस सादगी से जवाब दिया, उसकी सोशल मीडिया पर खूब तारीफ हो रही है.

# 9 साल बाद टीवी पर लौटेंगी प्रीति

TV मैजिक

छोटे पर्दे पर 'कथा अनकही' में एक्ट्रेस प्रीति अमीन 'नीरजा' की भूमिका निभा रही हैं. 'झूम जिया रे' से अभिनय की शुरुआत करने वाली प्रीति, हिंदी के साथ ही तेलुगू टीवी शोज का भी जाना-माना नाम हैं. 'इंडियाज बेस्ट सिनेस्टार्स की खोज' में भी वह थीं. प्रीति 9 साल बाद 'कथा अनकही' से हिंदी शोज में वापसी कर रही हैं. वह आखिरी बार शो 'दिल की नजर से' में दिखाई दी थीं.



शो में अपने रोल पर उन्हें कहा, 'मेरा किरदार नीरजा एक खुशमिजाज महिला है. वह ऐसा दिखाती है कि उसके जीवन में सब सही है, लेकिन वास्तव में वह एक परित्यक्त अकेली महिला है, जो एक विधवा आश्रम में रहती है और जीवन में सबकुछ ठीक होने का दिखावा कर रही है. नीरजा के किरदार की इन्हीं खूबियों और द्वंद्व के कारण मैं इस किरदार को करने के लिए राजी हुई. मैं नीरजा को एक मोमबत्ती की तरह देखती हूं, जो खुद को जलाती है और खुशियां फैलाती है, भले ही वह खुद भीतर से अंधेरे से लड़ रही हो.' 2014 के बाद प्रीति ने 8 साल का ब्रेक लिया था. प्रीति का कहना है कि इस शो का आइडिया बहुत ही पेचीदा है. हालांकि, एक मां के अपने बच्चे को बचाने के लिए की जा रही कोशिशों से दर्शक खासकर महिलाएं खुद को जोड़ सकेंगी. यह आपको प्रेरित भी करता है और दिल को भी छू जाता है.



# नवोदय विद्यालय के एंट्रेस की करें तैयारी

Career जोन

हर पैरेंट की कोशिश होती है कि वह अपने बच्चों को अच्छे स्कूल में पढ़ाएं. हालांकि बड़े स्कूलों के लिए मोटी फीस देनी पड़ती है, लेकिन कुछ सरकारी स्कूल ऐसे भी हैं जिनमें अगर एडमिशन हो जाए तो बस फिर टेंशन खत्म. हम बात कर रहे हैं जवाहर नवोदय विद्यालय की. जवाहर नवोदय विद्यालय में एडमिशन के लिए एक एंट्रेंस टेस्ट होता है, उसके लिए पैरेंट्स को पहले अपना रजिस्ट्रेशन कराना पड़ता है. छठी क्लास में एडमिशन के लिए जवाहर नवोदय विद्यालय ने रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया शुरू कर दी है. आप भी अगर अपने बच्चे का छठी क्लास में वहां एडमिशन कराना चाहते हैं तो आपको 31 जनवरी 2023 तक रजिस्ट्रेशन करना होगा. रजिस्ट्रेशन JNVS की आधिकारिक वेबसाइट navodaya.gov.in पर करना होगा.

### जरूरी शर्तें

रजिस्ट्रेशन करने से पहले कुछ जरूरी शर्तें हैं, जिन्हें जानना आपके लिए जरूरी है. छठी क्लास में एडमिशन के लिए जिस बच्चे का रजिस्ट्रेशन करने जा रहे हैं, उसका जन्म 1-05-2011 से 30-04-2013 के बीच होना चाहिए. इसमें दोनों तारीख शामिल हैं.



अकेडमिक ईयर 2022-23 में सरकारी या सहायताप्राप्त स्कूलों में 5वीं क्लास मे पढ़ने वाले ही इसके लिए रजिस्ट्रेशन कर सकते हैं. इस बात का ध्यान रखें कि स्टूडेंट को जिस जिले के स्कूल में एडमिशन लेना है, वह उसी जिले में 5वीं की पढ़ाई कर रहा होना चाहिए.

### एग्जाम पैटर्न

एंट्रेंस एग्जाम में मेंटल एबिलिटी टेस्ट के 40 सवाल होंगे जोकि 50 नंबर के होंगे, जिन्हें सॉल्व करने के लिए 60 मिनट का वक्त मिलेगा. अर्थमैटिक के 20 सवाल होंगे जोकि 25 नंबर के होंगे और इन्हें करने के लिए 30 मिनट का वक्त मिलेगा. भाषा टेस्ट के 20 सवाल होंगे जोकि 25 नंबर के होंगे और इन्हें करने के लिए 30 मिनट का वक्त मिलेगा. इस तरह पूरे पेपर में 80 सवाल होंगे और पेपर 100 नंबर का होगा. इसे स्टूडेंट्स को 2 घंटे में पूरा करना होगा. नवोदय विद्यालय समिति जेएनवीएसटी कक्षा-6 का एडमिट कार्ड 2023 ऑनलाइन जारी करेगी. प्रवेशपत्र डाउनलोड करने के लिए स्टूडेंट्स के पास अपना रजिस्ट्रेशन नंबर और पासवर्ड डिटेल होना चाहिए. परीक्षा में बैठने के लिए एडमिट कार्ड एक जरूरी डॉक्यूमेंट है.

# रग्ड फोन ब्लैकव्यू BV5200 प्रो

Gadgets जोन

ब्लैकव्यू ने अपने नेक्स्ट जनरेशन रग्ड स्मार्टफोन BV5200 प्रो को लॉन्च कर दिया है. फोन में शानदार फोटोग्राफी और परफॉर्मेंस का दावा किया गया है. कंपनी का कहना है कि पहली बार किसी बजट स्मार्टफोन में एडवांस फोटोग्राफी और वीडियोग्राफी फंक्शन दिए गए हैं.



इस फोन के साथ फ्लैगशिप फोन्स के लैंस का इस्तेमाल किया गया है. फोन के साथ कस्टमाइज्ड शॉर्टकट बटन का सपोर्ट दिया है. इसमें 6.1 इंच की एचडी प्लस डिस्प्ले दी गई है. फोन में ऑक्टा कोर मीडियाटेक हेलियो जी35 प्रोसेसर और 4 जीबी रैम के साथ 64 जीबी की स्टोरेज का सपोर्ट मिलता है. रैम को 7 जीबी तक वर्चुअली बढ़ाया जा सकता है. साथ ही स्टोरेज को भी माइक्रो एसडी कार्ड की मदद से 1 टीबी तक बढ़ाया जा सकता है.

यह रग्ड स्मार्टफोन में एंड्रॉयड 12 आधारित DOKE OS 3.0 ऑपरेटिंग सिस्टम मिलता है. इसमें 5,180 एमएएच की बड़ी बैटरी का सपोर्ट दिया गया है. फोन में 7.5 घंटे की गेमिंग, 20 घंटे का म्यूजिक टाइम और करीब 14 घंटे की वेब ब्राउजिंग टाइम मिलता है. इसके साथ फेस अनलॉक, जीपीएस नेविगेशन और आउटडोर टूलकिट का सपोर्ट है.

साहित्य जगत

**दिल्ली-एनसीआर:** वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग का फैसला

# उद्योगों व वाणिज्यिक प्रतिष्ठानों में कोयले के उपयोग पर प्रतिबंध



**नई दिल्ली।** दिल्ली-एनसीआर (राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र) में उद्योगों और वाणिज्यिक प्रतिष्ठानों में कोयला सहित अन्य अस्वीकृत ईंधन के इस्तेमाल पर लगाया गया प्रतिबंध रविवार से प्रभावी हो गया। अधिकारियों ने कहा कि नियमों का पालन नहीं करने वाली इकाइयों को बिना किसी चेतावनी के बंद कर दिया जाएगा।हालांकि, केंद्र सरकार के वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग (सीएक्यूएम) ने कहा कि ताप विद्युत संयंत्र में कम सल्फर वाले कोयले का इस्तेमाल जारी रखा जा सकेगा। यह प्रतिबंध सीएक्यूएम द्वारा पिछले साल जुलाई में जारी व्यापक नीति का हिस्सा है। इस नीति में दिल्ली-एनसीआर में वायु प्रदूषण की रोकथाम के लिए अगले पांच वर्षों की क्षेत्रवार कार्य योजनाओं को सूचीबद्ध किया गया है। अधिकारियों को बिना कोई कारण बताओ नोटिस जारी किए कोयला सहित अन्य अस्वीकृत ईंधन का इस्तेमाल करने वाले उद्योगों और वाणिज्यिक प्रतिष्ठानों को बंद करने का निर्देश दिया गया है। सीएक्यूएम के एक अधिकारी ने बताया कि ऐसी इकाइयों पर भारी जुर्माना भी लगाया जाएगा। आयोग ने छह महीने पहले प्रतिबंध की घोषणा की थी, जिससे सभी उद्योगों को स्वच्छ ईंधन प्रणाली अपनाने के लिए पर्याप्त समय मिला था। अधिकारी ने स्पष्ट किया कि औद्योगिक या वाणिज्यिक प्रतिष्ठानों द्वारा निजी ऊर्जा जरूरतों को पूरा करने के लिए संचालित ताप विद्युत संयंत्रों में भी कम सल्फर वाले कोयले के इस्तेमाल की इजाजत होगी। जहां भी प्राथमिक उद्देश्य बिजली उत्पादन है वहां कम सल्फर वाले कोयले का इस्तेमाल किया जा सकेगा।

### दाह संस्कार के लिए लकड़ी व जैव ईंधन के उपयोग की होगी अनुमति

अधिकारी के मुताबिक, धार्मिक उद्देश्यों और दाह संस्कार के लिए लकड़ी और जैव ईंधन का उपयोग करने की अनुमति होगी, जबकि होटल, रेस्तरां, बैंक्वेट हॉल (उत्सर्जन नियंत्रण प्रणाली के साथ), भोजनालयों तथा ढाबों के तंदूर और ग्रिल में लकड़ी या बांस के कोयले को इस्तेमाल में लाया जा सकेगा।सीएक्यूएम ने कहा था कि कपड़ों को इस्त्री करने में लकड़ी के कोयले का इस्तेमाल किया जा सकेगा।

**17 लाख टन कोयले का होता है उपयोग:** एक अनुमान के मुताबिक, दिल्ली-एनसीआर में विभिन्न औद्योगिक कार्यों में सालाना लगभग 17 लाख टन कोयले का उपयोग होता है। इसमें से 14 लाख टन का उपयोग छह बड़े औद्योगिक जिलों में किया जाता है।

## उल्फा (आई) प्रमुख पर जनता नैतिक दबाव बढ़ाए

**गुवाहाटी।** असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व ने रविवार को कहा कि राज्य के लोगों को प्रतिबंधित उल्फा (आई) के प्रमुख परेश बरुआ पर इस बात के लिए नैतिक दबाव बनाना होगा कि वह सम्प्रभुता की मांग करना छोड़ दें। उन्होंने कहा, लोगों को बरुआ को यह मांग छोड़ने के लिए मनाना होगा, ताकि इतिहास उन्हें धोखेबाज ना कहे। यहां पत्रकारों से बातचीत में सरमा ने कहा, हमारी सरकार की कोशिशें जारी हैं...हमने दरवाजे खुले रखे हैं... कुछ बिन्दुओं पर मतभेद है तो कुछ पर सहमति भी है। हमें उम्मीद बनाए रखनी चाहिए। सरमा ने कहा कि बातचीत की प्रक्रिया को आगे बढ़ाने में समस्या यह है कि बरुआ सिर्फ सम्प्रभु असम की बात करते हैं।



**युवती को टक्कर मारने के बाद शव को घसीटा**

# गृह मंत्री ने पुलिस से मांगी रिपोर्ट, शव का पोस्टमार्टम

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** बाहरी दिल्ली के कांझावाला में स्कूटी सवार एक युवती को कार से टक्कर मारने और फिर उसे कार से घसीटे जाने की घटना ने देश के लोगों को दहला दिया है। इस घटना में महिला की मौत हो गई थी। गृह मंत्री अमित शाह के निर्देश पर गृह मंत्रालय ने दिल्ली पुलिस से मामले में विस्तृत रिपोर्ट मांगी है। दिल्ली पुलिस की स्पेशल सीपी शालिनी सिंह के नेतृत्व में टीम गठित की गई है। शालिनी सिंह पूरे मामले की जांच कर रिपोर्ट गृह मंत्रालय को देंगी। तीन डॉक्टरों की टीम ने युवती के शव का सोमवार को पोस्टमार्टम किया।

दूसरी ओर घटना के विरोध में बाहरी दिल्ली के सुल्तानपुरी में सोमवार को लोगों ने प्रदर्शन किया और आरोप लगाया कि पुलिस बलात्कार के मामले को दुर्घटना मानकर इस पर पर्दा डालने की कोशिश कर रही है। युवती की मौत के जिम्मेदार लोगों को सजा देने की मांग को लेकर सोमवार को बड़ी संख्या में लोग सुल्तानपुरी थाने के बाहर एकत्र हो गए और यातायात जाम कर दिया। इस घटना का चश्मदीद होने का दावा करने वाले एक व्यक्ति ने आरोप लगाया कि युवती के शव को डेढ़ घंटे से अधिक समय तक घसीटा गया। सोशल मीडिया पर आए एक वीडियो में युवती का शव निर्वस्त्र अवस्था में दिखा और उसके पैर भी टूटे थे। इस बीच अदालत ने आरोपियों को तीन दिन के लिए पुलिस हिरासत में भेज दिया। सुल्तानपुरी थाने की पुलिस ने इस मामले में दीपक खन्ना (26), अमित खन्ना (25), कृष्णन (27), मिथुन (26) और मनोज मित्तल के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की है।




### शव को 12 KM तक घसीटा: पुलिस

पुलिस के मुताबिक, रविवार को बाहरी दिल्ली के सुल्तानपुरी में 20 वर्षीय युवती की स्कूटी को एक कार ने टक्कर मार दी और उसके शव को 12 किलोमीटर तक घसीटा गया। कार में सवार पांच लोगों को गिरफ्तार कर लिया गया है।

### पांच आरोपी गिरफ्तार

पुलिस ने कहा कि पोस्टमॉर्टम के लिए एक मेडिकल बोर्ड का गठन किया गया है। विशेष पुलिस आयुक्त (कानून व्यवस्था) सागर प्रीत हुड्डा ने संवाददाता सम्मेलन में कहा कि मामले में गिरफ्तार पांच आरोपियों के खिलाफ, पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट के आधार पर नए आरोप जोड़े जा सकते हैं।

### सख्त सजा देने की मांग

दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने इसे दुर्लभतम अपराध करार दिया और घटना के जिम्मेदार लोगों को सख्त से सख्त सजा देने की मांग की। वहीं, उपराज्यपाल वीके सक्सेना ने कहा कि इस अमानवीय अपराध से उनका सिर शर्म से झुक गया है। दिल्ली महिला आयोग की प्रमुख स्वाति मालीवाल ने पुलिस से यह स्पष्ट करने को कहा कि क्या युवती का यौन उत्पीड़न हुआ था और क्या आरोपियों का आपराधिक इतिहास रहा है।

**जम्मू कश्मीर:** सुरक्षा बलों ने छेड़ा तलाशी अभियान

# आतंकी हमलों से रोष राजौरी में बंद-प्रदर्शन

**राजौरी/जम्मू (एजेंसी)।** जम्मू कश्मीर के राजौरी जिले में आतंकवादियों के 14 घंटों के अंदर एक ही स्थान पर दूसरी बार हमला किए जाने के विरोध में सोमवार को राजौरी शहर सहित पूरे जिले में प्रदर्शन हुए। राजौरी में बंद रहा। दूसरी ओर सुरक्षा बलों ने संदिग्ध आतंकवादियों का पता लगाने के लिए घेराबंदी और तलाशी अभियान तेज कर दिया। निगरानी के लिए ड्रोन और खोजी कुत्ते भी तैनात किए गए हैं। लोगों ने रविवार शाम हमले में मारे गए लोगों के शवों के साथ प्रदर्शन किया। उन्होंने उपराज्यपाल से उनसे मिलने आने की मांग की ताकि वे उनके समक्ष अपनी मांगें रख सकें। इस बीच, एनआईए की एक टीम जांच के लिए डांगरी गांव पहुंच गई है। रविवार शाम अपर डांगरी गांव में संदिग्ध आतंकवादियों द्वारा तीन घरों पर की गई गोलीबारी में चार लोगों की मौत हो गई थी।

सोमवार सुबह उसी जगह आईईडी विस्फोट में दो सगे भाई-बहन की मौत हो गई और छह अन्य घायल हो गए। राजौरी शहर सहित पूरे जिले में प्रदर्शन और बंद की स्थिति के बीच पुलिस महानिदेशक दिलबाग सिंह ने घटनास्थल का दौरा किया और कहा कि आईईडी विस्फोट का मकसद वरिष्ठ अधिकारियों को निशाना बनाना था, जो वहां पहुंचने वाले थे।





### ग्राम रक्षा समिति होंगी हथियारों से लैस

सिंह ने घोषणा की है कि ग्राम रक्षा समितियों (वीडीसी) को हथियारों से फिर से लैस किया जाएगा। कुछ प्रदर्शनकारी नेताओं और स्थानीय लोगों ने दावा किया है कि यदि अधिकारियों ने वीडीसी के हथियार वापस नहीं लिए होते तो घटना टाली जा सकती थी। भाजपा की जम्मू कश्मीर इकाई के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व विधानपरिषद सदस्य विबोध गुप्ता ने आरोप लगाया कि वीडीसी की 60 प्रतिशत बंदूकें वापस ले ली गई हैं।

### प्रदर्शनकारियों से LG की मुलाकात, राहत घोषित

इस बीच, उप राज्यपाल मनोज सिन्हा ने आतंकी हमलों के खिलाफ प्रदर्शन कर रहे लोगों से मुलाकात की। प्रदर्शनकारियों ने राजौरी में सुरक्षा की स्थिति का सवाल उठाए और कहा कि ग्राम विकास समिति से हथियारों को वापस लेने से वे आतंकवादियों के आसान शिकार बन गए हैं।उप राज्यपाल ने स्थानीय लोगों, नेताओं और पीड़ित परिवारों से भी मुलाकात की। इससे पहले दिन में सिन्हा ने घटना में मारे गए नागरिकों के परिजनों को 10 लाख रुपये की अनुग्रह राशि और सरकारी नौकरी देने की घोषणा की।

## छेड़छाड़ की FIR दर्ज होने पर खेल मंत्री ने पद छोड़ा



**चंडीगढ़।** यौन उत्पीड़न के मामले में आरोपी हरियाणा के मंत्री संदीप सिंह ने रविवार को खेल विभाग छोड़ दिया और कहा कि उन्होंने नैतिक आधार पर यह कदम उठाया है। पूर्व ओलंपियन संदीप सिंह के पास प्रिंटिंग और स्टेशनरी विभाग भी हैं। उन्होंने राज्य मंत्रिमंडल से इस्तीफा नहीं दिया है। राज्य की एक जूनियर महिला एथलेटिक्स कोच की शिकायत पर चंडीगढ़ पुलिस द्वारा संदीप सिंह के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई थी। भारतीय हॉकी टीम के पूर्व कप्तान सिंह पर महिला को बंधक बनाने और धमकी देने का भी आरोप लगाया गया है। पुलिस के प्रवक्ता ने कहा कि चंडीगढ़ पुलिस ने एक महिला की शिकायत पर संदीप सिंह के खिलाफ यह मामला दर्ज किया है। दूसरी ओर मंत्री द्वारा कोच के खिलाफ शिकायत दर्ज कराए जाने के बाद हरियाणा के पुलिस महानिदेशक ने एक समिति का गठन किया था। मंत्री ने शिकायत में दावा किया था कि कोच ने उनकी छवि खराब की है।

**सीएम से बात करूंगा, न्याय होगा: विज**

विज ने कहा कि वह इस मामले में संदीप सिंह और मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर से बात करेंगे। मैंने महिला कोच की बात सुनी। इस मामले में न्याय किया जाएगा।"

**आरोपों की निष्पक्ष जांच हो: हुड्डा**

हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने संदीप सिंह पर लगे इन आरोपों की निष्पक्ष जांच की मांग की है। जबकि इंडियन नेशनल लोकदल ने मांग की है कि सरकार संदीप सिंह को तुरंत बर्खास्त करे और मामले की जांच के लिए एक विशेष जांच दल का गठन करे।

### पीड़िता का दावा: मंत्री ने कहा, तुम मुझे खुश रखो, मैं तुम्हें खुश रखूंगा

पीडिता ने आरोप लगाया था कि संदीप सिंह ने पहले उसे एक जिम में देखा और फिर इंस्टाग्राम पर उससे संपर्क किया। कोच ने दावा किया कि कुरुक्षेत्र के पिहोवा के विधायक सिंह मिलने की जिद करते रहे। महिला की शिकायत के अनुसार वह कुछ दस्तावेजों के साथ संदीप सिंह के घर गई तो उन्होंने उससे छेड़छाड़ की। उन्होंने कहा तुम मुझे खुश रखो और मैं तुम्हें खुश रखूंगा।

**कर्नाटक: विधानसभा चुनाव की तैयारी**

# वोक्कालिगा नेताओं को अपने पाले में शामिल करने में लगी भाजपा

**नई दिल्ली।** भाजपा कर्नाटक विधानसभा चुनाव से पहले राज्य के पुराने मैसुरु क्षेत्र में पंचायत से संसद तक के वोक्कालिगा नेताओं को अपने पाले में लाने की कोशिश करेगी। केंद्रीय मंत्री और भाजपा के वरिष्ठ नेता अमित शाह ने शनिवार को पुराने मैसुरु के मांड्या में एक रैली को संबोधित किया था। भाजपा के कर्नाटक प्रभारी अरुण सिंह ने कहा कि उनकी पार्टी इस क्षेत्र में रिकॉर्ड सीटों पर जीत दर्ज करेगी क्योंकि वह कुछ समय से जमीन पर काम कर रही है और बूथ स्तर पर लोगों से संपर्क कर रही है। सिंह ने कहा, कर्नाटक सरकार में वोक्कालिगा समुदाय से आने वाले सात मंत्री हैं। समुदाय का केंद्र में भी प्रतिनिधित्व है।

भाजपा में सभी समुदायों के लिए स्थान है। हम 'सबका साथ, सबका विकास' के दर्शन पर विश्वास करते हैं। इसी तरह की भावना व्यक्त करते हुए भाजपा के अन्य महासचिव व विधायक सी. टी. रवि ने कहा कि पार्टी पुराने मैसुरु क्षेत्र में दो तरफा रणनीति पर काम कर रही है। उन्होंने कहा, हमने पन्ना समिति से लेकर मंडल स्तर पर अपनी टीम को जमीन पर कार्य करने के लिए सक्रिय किया है और पंचायत से लेकर संसद स्तर पर समान विचार वाले वोक्कालिगा नेताओं को दल में आमंत्रित किया है। दोनों नेताओं ने कहा कि भाजपा को एक समुदाय आधारित पार्टी के रूप पर नहीं देखा जाना चाहिए। हमारी पार्टी सांस्कृतिक राष्ट्रवाद और विकास की राजनीति में विश्वास करती है। गौरतलब है कि पारंपरिक रूप से भाजपा वोक्कालिगा समुदाय के प्रभुत्व वाले पुराने मैसुरु क्षेत्र में कमजोर मानी जाती है। वर्ष 2018 के विधानसभा चुनाव में पार्टी इस क्षेत्र की 59 सीटों में से महज नौ सीटों पर जीत दर्ज कर सकी थी।





### प्रदेश में वोक्कालिंगा समुदाय की है 15 प्रतिशत आबादी

कर्नाटक की कुल आबादी में वोक्कालिगा की आबादी 15 प्रतिशत है और इसे 'वोटबैंक' के लिहाज से लिंगायत के बाद राज्य में दूसरा प्रमुख प्रभावशाली समुदाय माना जाता है। राज्य के मांड्या, मैसुरु, हासन, तुमकुर, चामराजनगर, बेंगलुरु ग्रामीण, कोलार और चिकबलपुर को वोक्कालिगा समुदाय के प्रभुत्व वाले इलाकों के तौर पर देखा जाता है।

## नड्डा आज महाराष्ट्र के दौरे पर 18 मुश्किल सीटों को साधेंगे

**चंद्रपुर।** भारतीय जनता पार्टी के अध्यक्ष जे. पी. नड्डा 2024 के लोकसभा चुनाव के मद्देनजर महाराष्ट्र से 18 मुश्किल सीट जीतने की पार्टी की योजना के तहत सोमवार को चंद्रपुर से अभियान की शुरुआत करेंगे। भाजपा के एक नेता ने रविवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि नड्डा पूर्वी महाराष्ट्र के चंद्रपुर और मराठवाड़ा क्षेत्र के औरंगाबाद में रैली को संबोधित करेंगे। वर्ष 2019 के लोकसभा चुनाव में भाजपा चंद्रपुर सीट से चुनाव हार गई थी और कांग्रेस ने जीत दर्ज की थी। फिलहाल महाराष्ट्र में कांग्रेस के पास लोकसभा की यही एकमात्र सीट है।गौरतलब है कि महाराष्ट्र में लोकसभा की 48 सीट हैं। भाजपा के जिलाध्यक्ष देवराव भोंगले ने कहा, नड्डा दो जनवरी को चंद्रपुर में एक विशाल विजय संकल्प रैली के साथ चुनावी अभियान की शुरुआत करेंगे। उन्होंने कहा कि नड्डा यहां देवी महाकाली के प्रसिद्ध मंदिर में पूजा-अर्चना भी करेंगे।



## एक नज़र

# गहलोत सरकार ने तेरह आईएएस अफसरों को दिया नए साल में पदोन्नति का इनाम



**हिलव्यू समाचार**
**जयपुर**। गहलोत सरकार ने 13 आईएएस अफसरों को नए साल पर दिया पदोन्नति का तोहफा दिया।

वरिष्ठ आईएएस अधिकारी अखिल अरोड़ा, अपर्णा अरोड़ा, शिखर अग्रवाल और संदीप वर्मा को प्रमुख शासन सचिव से पदोन्नति कर अतिरिक्त मुख्य सचिव पद पर पदस्थापित किया।

भवानी सिंह देथा और विकास सीतारामजी भाले को शासन सचिव से पदोन्नत कर उन्हें प्रमुख शासन सचिव बनाया।

इसी तरह प्रतिभा सिंह को निदेशक पंचायती राज से आयुक्त पंचायती राज विभाग, विश्व मोहन शर्मा को संयुक्त शासन सचिव से विशिष्ट शासन सचिव राजस्व विभाग पर पदोन्नत किया।महेंद्र कुमार पारख को संयुक्त शासन सचिव से विशिष्ट शासन सचिव, हृदेश कुमार शर्मा को संयुक्त शासन सचिव से विशिष्ट शासन सचिव स्थानीय निकाय विभाग, सोहन लाल शर्मा को संयुक्त शासन सचिव से विशिष्ट शासन सचिव मुख्यमंत्री राजस्थान, अनुप्रेरणा सिंह कुन्तल को संयुक्त शासन सचिव से विशिष्ट शासन सचिव और शक्ति सिंह राठौड़ को भी पदोन्नत कर संयुक्त शासन सचिव से विशिष्ट शासन सचिव बना दिया सभी अधिकारियों को उन्हीं के विभागों में पदोन्नत किया गया।

## सीएम का उदयपुर दौरा: जॉब फेयर में युवाओं से मिले

# तीन लाख नौकरी देने की तैयारी: गहलोत

**हिलव्यू समाचार**
**जयपुर**। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने कहा कि राजस्थान देश में युवाओं को रोजगार उपलब्ध करवाने वाला अग्रणी राज्य है। राज्य सरकार द्वारा 3 लाख से अधिक सरकारी नौकरियां देने का कार्य किया जा रहा है। वहीं निजी क्षेत्र में भी राज्य सरकार की नीतियों से निवेश के लिए अनुकूल माहौल बना है तथा बड़े स्तर पर रोजगार के अवसर सृजित हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि राजस्थान 11.04 प्रतिशत की जीडीपी वृद्धि दर के साथ देश में दूसरे स्थान पर है। मुख्यमंत्री गहलोत गुरुवार को उदयपुर के जोनल रेलवे ट्रेनिंग ग्राउंड में आयोजित मेगा जॉब फेयर के अन्तिम दिन युवाओं को संबोधित कर रहे थे। यहां मुख्यमंत्री ने युवाओं से संवाद किया एवं रोजगार प्राप्त करने वाले युवाओं को ऑफर लैटर दिए। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने कहा कि इन्वेस्ट समिट में 11 लाख करोड़ के एमओयू हुए हैं। इनसे 10 लाख रोजगार उत्पन्न होंगे।

प्रदेश के युवाओं को रोजगार देने के लिए आयोजन में चॉइस फिनसर्व प्राइवेट लि., आमधने प्रा. लि., क्वेस कॉर्प लि., चेकमेट सर्विसेज प्रा. लि., डिजायर कॉर्पोरेट सर्विसेज प्रा.लि., यस बैंक, लोहागढ़ रिसोर्ट्स प्रा.लि. एवं राजस्थान कौशल एवं आजीविका विकास निगम के बीच एमओयू किया गया। ये कम्पनियां अब सरकार के साथ मिलकर जॉब फेयर व अन्य रोजगार मेलों में युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराएंगी।




### राजसील पोर्टल का लोकार्पण

समारोह में गहलोत ने राजसील (राजस्थान स्किल, एम्प्लॉयमेंट, एंटरप्रेन्योरशिप एंड लवलीहुड) एकल खिड़की पंजीकरण व्यवस्था एवं जॉब प्लेटफॉर्म का लोकार्पण किया। यह पोर्टल युवाओं की डिजिटल प्रोफाइलिंग के लिए एक सार्थक पहल है। पोर्टल से राज्य के समस्त युवाओं को रोजगार एवं उद्यमिता के अवसर प्रदान कराए जाएंगे। यह प्लेटफॉर्म सभी प्रकार की नौकरियों के अवसर खोज कर आवेदन करने के लिए 365 दिन 24 घंटे उपलब्ध रहेगा।

### 45 हजार से अधिक ने कराया पंजीकरण

मेगा जॉब फेयर में 70 से अधिक नियोक्ता संस्थानों ने भाग लिया। फेयर में 45 हजार से अधिक युवाओं ने पंजीकरण करवाया। 3500 से अधिक युवाओं को मौके पर ही जॉब ऑफर लेटर सौंपे गए। मुख्यमंत्री ने नियोक्ता संस्थाओं व कंपनियों की स्टॉल्स का अवलोकन किया तथा वहां उपस्थित अभ्यर्थियों के साथ संवाद किया। इस अवसर पर विधायक प्रीति शक्तावत, राजस्थान धरोहर संरक्षण एवं प्रौन्नति प्राधिकरण के अध्यक्ष सुरेन्द्र सिंह जाड़ावत, पूर्व सांसद रघुवीर मीणा, मांगीलाल गरासिया आदि उपस्थित रहे।

### दस हजार युवाओं को किया शॉर्ट लिस्ट

कौशल, नियोजन एवं उद्यमिता राज्य मंत्री अशोक चांदना ने कहा कि मुख्यमंत्री गहलोत ने विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के माध्यम से प्रदेश में बच्चे से लेकर बुजुर्ग तक को सशक्त किया है। लाखों युवाओं को सरकारी नौकरी देने के साथ 2 लाख बेरोजगारों को 4000 एवं 4500 रुपए प्रतिमाह बेरोजगारी भत्ता दिया जा रहा है। उदयपुर जॉब फेयर में 10 हजार से अधिक युवाओं को नौकरी के लिए शॉर्ट लिस्ट किया गया है। जनजाति क्षेत्रीय विकास मंत्री अर्जुन सिंह बामणिया और कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष गोविन्द सिंह डोटासरा ने राज्य सरकार द्वारा चलाई जा रही जनकल्याणाकरी योजनाओं की सराहना की।

### उदयपुर में खुलेगा स्पोर्ट्स स्कूल

मुख्यमंत्री ने उदयपुर में भी स्पोर्ट्स स्कूल खोलने की घोषणा की, जिससे खेल प्रतिभाओं को उच्च स्तरीय प्रशिक्षण मिल सकेगा। उन्होंने जनजातीय खिलाड़ियों के लिए एक माह का ग्रीष्मकालीन प्रशिक्षण प्रारंभ करने की भी घोषणा की।


### दो फ्लाईओवर का किया लोकार्पण

मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने उदयपुर को बड़ी सौगात देते हुए शहर के व्यस्ततम मार्ग पर दो फ्लाईओवर का गुरुवार को लोकार्पण किया। दोनों फ्लाईओवर संचालित होने से आस-पास के क्षेत्र में ट्रैफिक का दबाव कम होगा तथा शहरवासियों को आने-जाने में सुविधा होगी।

### जनजाति खेलकूद प्रतियोगिता का उद्घाटन

मुख्यमंत्री ने उदयपुर के गांधी ग्राउण्ड में राज्य स्तरीय जनजाति खेलकूद प्रतियोगिता का उद्घाटन भी किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि राजीव गांधी ग्रामीण ओलंपिक खेलों में पहली बार एक साथ 30 लाख खिलाड़ियों ने भाग लिया, जिसमें 10 लाख महिला खिलाड़ी भी थी।

# अधिगम कोचिंग सेंटर पर आधी रात में चली जेसीबी




**हिलव्यू समाचार**
**जयपुर**। वरिष्ठ अध्यापक पेपर लीक भर्ती प्रकरण में शामिल जयपुर के कोचिंग सेंटर पर जेसीबी चल गई है। गुर्जर की थड़ी अंडर पास स्थित अधिगम कोचिंग सेंटर पर बुधवार आधी रात बाद जेसीबी चलाकर उसके नाम व बैनर के फ्लैक्स को हटा दिया गया। हालांकि, यह कार्रवाई कोई सरकार, फिर किसी जांच एजेंसी या पुलिस ने नहीं की। बल्कि प्रोपर्टी के मालिक के द्वारा ही करना बताया जा रहा है। इससे पहले बुधवार को दिन में कोचिंग सेंटर के बाहर वबाल हुआ था। जब पुलिस के जाब्ते ने कोचिंग सेंटर की कक्षाओं में पढ़ रहे स्टूडेंट्स को अचानक बाहर निकाल कर कोचिंग सेंटर पर ताला जड़ दिया था। मामले को लेकर कक्षाओं में बैठे स्टूडेंट्स ने पुलिस की इस कार्रवाई का विरोध किया था तो हंगामा हुआ था। गौरतलब है कि अधिगम कोचिंग सेंटर की फर्म को सुरेश ढाका ने सुनील विश्नोई और भगवंती देवी के नाम करवा दिया था, लेकिन मकान मालिक से किरायानामा नहीं बनवाया था। सिर्फ पहले से फर्म को चला रहे ऑनर को हटा कर इस पर खुद का आधिपत्य जमा लिया था। पेपर लीक प्रकरण में मास्टरमाइंड बताए जा रहे भूपेन्द्र सारण और सुरेश ढाका पर राजस्थान पुलिस ने 25-25 हजार रुपए का इनाम घोषित कर दिया है और उनकी बेनामी संपत्तियों को लेकर लिस्ट बनाना चालू कर दिया है।

# प्रदेश के 199 विधानसभा क्षेत्रों में 19 लाख, 89 हजार 182 नए मतदाता

**हिलव्यू समाचार**
**जयपुर**। राज्य में निर्वाचन विभाग ने पुनरीक्षण कार्यक्रम के दौरान 199 विधानसभा क्षेत्रों में 19 लाख, 89 हजार, 182 नवीन मतदाताओं के नाम जोड़े हैं। इनमें 10 लाख, 18 हजार, 685 महिला मतदाता और 9 लाख, 70 हजार, 497 पुरुष मतदाता हैं। अन्तिम प्रकाशन की तिथि तक राज्य में कुल 5 करोड़, 11 लाख, 64 हजार, 685 मतदाता पंजीकृत हैं, जिनमें 2 करोड़, 44 लाख, 72 हजार, 600 महिला मतदाता तथा 2 करोड़, 66 लाख, 92 हजार, 49 पुरुष मतदाता शामिल हैं। मुख्य निर्वाचन अधिकारी प्रवीण गुप्ता ने गुरुवार को यहां शासन सचिवालय में सरदारशहर के अतिरिक्त 199 विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की फोटोयुक्त मतदाता सूचियों का अन्तिम प्रकाशन किया।



### साढ़े पांच लाख से अधिक योग्य मतदाता

कार्यक्रम के दौरान एक लाख, 36 हजार, 566 विशेष योग्यजनों की फ्लैगिंग की गई। सूची में 5 लाख, 66 हजार, 994 विशेष योग्यजन मतदाता पंजीकृत हैं। इस दौरान घुमन्तू तथा कमजोर जनजाति के 12 हजार से अधिक तथा तृतीय लिंग के 347 मतदाताओं को भी जोड़ा है।

### 20 लाख के मोबाइल नम्बर हुए दर्ज

मुख्य निर्वाचन अधिकारी गुप्ता बताया कि 19 लाख, 80 हजार, 364 नवीन मतदाताओं का मोबाइल नम्बर दर्ज होने से वे अपना ई-इपिक, वोटर हैल्प लाइन एप तथा एनवीएसपी के माध्यम से डाउनलोड कर सकते हैं। मतदाता सूची में नाम जुड़वाने, हटवाने व संशोधन के लिए कुल 38 लाख, 64 हजार, 426 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें से 21 लाख, 15 हजार, 887 आवेदन ऑनलाइन प्राप्त हुए हैं।

### 7 लाख 76 हजार नाम काटे

गुप्ता ने बताया कि मृत या स्थानान्तरित मतदाताओं के संबंध में प्रारूप-7 के माध्यम से कुल 7 लाख, 76 हजार नाम विलोपित किए गए। 199 विधानसभा क्षेत्रों में कुल 12 लाख, 12 हजार, 983 मतदाताओं की वृद्धि हुई है, जो कि गत वर्ष की सूची से 2.43 प्रतिशत अधिक है। गुप्ता ने बताया कि निर्वाचन संबंधी कानून में नए प्रावधान के तहत अब वर्ष में चार तारीख 1 जनवरी, 1 अप्रैल, 1 जुलाई एवं 1 अक्टूबर के संदर्भ में 17 वर्ष की आयु प्राप्त युवाओं द्वारा मतदाता पंजीकरण के लिए आवेदन किया जा सकता है। राज्य में 17 वर्ष से अधिक के आयु 4 लाख, 16 हजार 685 युवाओं ने भी मतदाता सूची में नाम जुड़वाने के लिए आवेदन किया है।



# बालाजी धाम में श्री हनुमान चरित का पाठ

**जयपुर।** नववर्ष के अवसर पर स्व. पं. तोलाराम मिस्त्री, जयपुर की स्मृति में सामोद के खेड़ापति बालाजी धाम में ताऊ शेखावाटी द्वारा रचित श्री हनुमान चरित पाठ का आयोजन किया गया। इस अवसर पर श्याम जोशी फतेहपुरिया के संगीत निदेशन में श्री हनुमान चरित का पाठ किया गया। इसमें काफी संख्या में भक्तों ने भाग लिया। इस अवसर पर खेड़ापति बालाजी धाम के संत प्रेमदासजी महाराज ने ताऊ शेखावाटी को अभिनंदन पत्र भेंटकर सम्मान किया।

**PUBLIC AGAINST CORRUPTION**
**68/27, Pratap Nagar, Sanganer, Jaipur Ph. 9414248794**

PUBLIC AGAINST CORRUPTION

- पब्लिक अगेंस्ट करप्शन
- भ्रष्टाचार के ख़िलाफ़ एक संस्था
- किसी भी सरकारी शिकायत के लिए मिलें।
- किसी भी भ्रष्टाचार के खुलासे के लिए सूचनाएँ दें।
- आम जनता के लिए भ्रष्टाचार मुक्त भारत का प्रयास।

## सीएम ने कहा- नहीं आ रही भाजपा की रैलियों में भीड़

# जन आक्रोश रैली में अश्लील डांस से सियासी बवाल

**हिलव्यू समाचार**
**जयपुर**। भाजपा की जन आक्रोश रैली में अश्लील डांस का वीडियो वायरल होने से सियासी बवाल मच गया है। जन आक्रोश सभा में महिलाओं के अश्लील डांस करने के एक के बाद एक वीडियो वायरल होने से राजनीति में हलचल मच गई है। इसको लेकर सीएम अशोक गहलोत सहित कई कांग्रेसी नेताओं ने प्रदेश भाजपा पर हमला बोला है और जन आक्रोश सभा को फ्लॉप शो बताते हुए महिलाओं से अश्लील डांस करवाने को पार्टी का भीड़ जुटाने का पैंतरा बताया है।

## बीजेपी प्रदेशाध्यक्ष सतीश पूनियां ने मांगी रिपोर्ट




### यह बोले सीएम गहलोत

डांस का वीडियो वायरल होने के बाद सीएम अशोक गहलोत ने कहा कि भाजपा की जन आक्रोश सभाएं पूरी तरह फ्लॉप साबित हो रही हैं। भाजपा ऐसे डांस से भीड़ जुटाना चाहती है। इनकी रैलियों में भीड़ नहीं आ रही है। भाजपा में मुख्यमंत्री पद के एक दर्जन से अधिक दावेदार हैं। खुद के फ्लॉप शो को भाजपा डांस से हिट करना चाहती है।

### एक के बाद एक वीडियो वायरल

सोशल मीडिया पर भाजपा की जन आक्रोश रैली के दौरान महिलाओं के डांस के वीडियो वायरल हुए थे। इसके बाद भाजपा हरकत में आई। इन वीडियो में महिलाएं अश्लील डांस करते नजर आ रही हैं। बताया जा रहा है कि खेड़ली में मंगलवार को जन आक्रोश सभा का आयोजन किया गया था, जहां महिला डांसर्स को बुलाया गया। उन्होंने रैली के मंच से स्टेज पर बैठे भाजपा नेताओं और वहां मौजूद कार्यकर्ताओं, स्थानीय लोगों और महिलाओं के सामने अश्लील डांस किया।

### पूनियां का एक्शन

अश्लील डांस को गंभीर अनुशासनहीनता मानते हुए भाजपा प्रदेशाध्यक्ष पूनियां अब एक्शन में आ गए हैं। प्रदेशाध्यक्ष ने इसे गंभीर अनुशासनहीनता करार देते हुए अलवर दक्षिण बीजेपी जिलाध्यक्ष संजय नरूका से रिपोर्ट तलब की है। वीडियो वायरल होने के बाद अब भाजपा ने तथ्यात्मक रिपोर्ट मांगी है।

**वर चाहिए**



31 वर्ष 5'7" Software Engineer MNC Bangalore में कार्यरत एवं 29 वर्ष 5'2" B.Com, LL.B., LL.M Legal Faculty exp. 1 year हेतु Earning, योग्य एवं समकक्ष समस्त वैष्णव/ ब्राह्मण,शाकाहारी, किसी भी प्रकार के नशे से मुक्त वर ही स्वीकार्य। दहेज़ एवं ख़र्चीली शादी चाहने वाले कृपया माफ करें।

सम्पर्क करें- Mob. 9079046718

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, एवं मुद्रक शालिनी श्रीवास्तव के लिए अम्बर ऑफसेट प्राइवेट लिमिटेड, डी.एल. टॉवर, 3-ए, विद्याश्रम संस्थानिक क्षेत्र, जेएलएन मार्ग, जयपुर में मुद्रित एवं प्लॉट नंबर C-2,अर्शिया रेजिडेंसी, फ्लैट नंबर 201,आदर्श नगर,राजा पार्क जयपुर-302004 (राजस्थान) से प्रकाशित।
**संपादक :** शालिनी श्रीवास्तव **सह-संपादक:** हरीश श्रीवास्तव, छबड़ा बारां **सह-संपादक :** कुलदीप गुप्ता, जयपुर मो.: 9460678701, 7976561127 (21 जून 2014 से निरन्तर प्रकाशित) hillviewsamachar@gmail.com (राजस्थान सरकार से विज्ञापन हेतु स्वीकृत)